दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K
RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-32 अंक-112 नर्मदापुरम ( होशंगाबाद ) मंगलवार 09 जून 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

# स्टील प्लांट में पिघले स्टील की चपेट में आए 8 मजदूरों की मौत

## -विशाखापट्टनम स्टील प्लांट में लेडल फटने से हुआ हादसा
## -कई कर्मचारी घायल, राहत-बचाव कार्य जारी, गृह मंत्री ने मांगी विस्तृत रिपोर्ट



विशाखापट्टनम,(ए.)। आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम स्थित स्टील प्लांट में सोमवार को हुए भीषण औद्योगिक हादसे में कम से कम आठ कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। दुर्घटना प्लांट की एसएमएस-2 और एसटीसी-3 हीट फैसिलिटी में उस समय हुई, जब अत्यधिक तापमान पर मौजूद पिघले हुए स्टील से भरा एक लेडल अचानक फट गया और बड़ी मात्रा में स्टील का रिसाव होने लगा।

हादसे के बाद पूरे संयंत्र में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज धमाके के साथ पिघला हुआ स्टील आसपास फैल गया, जिससे वहां काम कर रहे कर्मचारी इसकी चपेट में आ गए। दुर्घटना के बाद कर्मचारियों और अधिकारियों ड्ुने जान बचाने के लिए सुरक्षित स्थानों की ओर दौड़ लगाई। विशाखापट्टनम स्टील प्लांट सर्किल इंस्पेक्टर केसव राव ने हादसे की पुष्टि करते हुए मीडिया को बताया कि दुर्घटना में आठ कर्मचारियों की मौत हुई है, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। कुछ घायलों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

घटना की सूचना मिलते ही प्लांट के सुरक्षा कर्मी, अग्निशमन दल और आपदा प्रबंधन टीमें मौके पर पहुंच गईं। राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर शुरू किया गया और आग पर काबू पाने के प्रयास किए गए। अधिकारियों ने प्रभावित क्षेत्र को घेरकर अन्य कर्मचारियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया।

गृहमंत्री ने दिए राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश

हादसे पर आंध्र प्रदेश की गृह मंत्री वांगलापुडी अनीता ने तत्काल संज्ञान लिया। उन्होंने विशाखापट्टनम जिला कलेक्टर और शहर के पुलिस आयुक्त से फोन पर बातचीत कर घटना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। मंत्री ने अधिकारियों को घायलों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। गृह मंत्री ने बताया कि वह स्वयं घटनास्थल के लिए रवाना हो गई हैं और लगातार अधिकारियों के संपर्क में हैं।

## दिल्ली में आए तेज आंधी-तूफान के कारण टर्मिनल-2 पर खड़े एयर इंडिया के 3 विमान क्षतिग्रस्त

नईदिल्ली,(आरएनएस)। दिल्ली में रविवार शाम को अचानक आए तेज आंधी-तूफान के कारण इंदिरा गांधी अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-2 पर खड़े एयर इंडिया के 3 विमान क्षतिग्रस्त हो गए। रिपोर्ट के मुताबिक, तेज हवाओं के कारण ग्राउंड सपोर्ट सिस्टिम अपनी जगह से खिसक गए और विमान से टकरा गए, जिससे विमानों को नुकसान पहुंचा। एयर इंडिया के 3 सिंगल आइल विमानों में एक मरम्मत के लिए जमीन पर रहेगा, जबकि अन्य 2 इस सप्ताह उड़ान भर सकेंगे। हवाई अड्डा के अधिकारियों ने बताया कि तूफान के लिए पहले से कोई मौसम चेतावनी जारी नहीं थी, तभी शाम को अचानक तेज हवाएं चलीं और टर्मिनल-3 पार्किंग स्टैंड पर इंडिगो इंजीनियरिंग और एयरक्राफ्ट इंडिया इंजीनियरिंग की एक-एक सीढ़ी और अन्य उपकरण अपनी जगह से खिसककर विमान से टकरा गए।



भाजपा के राज्यसभा उम्मीदवार महेश केवट ने मध्य प्रदेश के भोपाल में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की उपस्थिति में राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र जमा किया।

# 12 राज्यों में मानसून की दस्तक, भीषण गर्मी को लेकर भी आया अलर्ट



नईदिल्ली (आरएनएस)। दक्षिण-पश्चिम मानसून ने देश के 12 राज्यों में दस्तक दे दी है। रविवार तक इसने पूरे केरलम, कर्नाटक, मणिपुर, नगालैंड और मिजोरम को कवर कर लिया। इसी के चलते उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान में झमाझम बारिश देखने को मिली। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने 11 जून तक पश्चिमी राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में गरज-चमक और बारिश की बौछारों के साथ लू चलने की संभावना जताई है।

देश में मानसून तेजी से आगे बढ़ रहा है। 6 जून तक केरलम, कर्नाटक, गोवा, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश और असम में पहुंच चुका है। इनमें से कुछ राज्यों में 9 जून को तेज बारिश हो सकती है। 8 जून से 5 जुलाई तक इसके मेघालय, तेलंगाना, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, गुजरात, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़ और राजस्थान में पहुंचने की उम्मीद है।

उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान में प्री-मानसून की बारिश शुरू हो गई है। रविवार को राजस्थान के श्रीगंगानगर में बारिश के साथ ओले भी गिरे, वहीं मध्य प्रदेश के इंदौर-खंडवा हाईवे पर आंधी से ऑटो पलट गया। दिल्ली हवाई अड्डे पर भी तेज आंधी और बारिश के दौरान एअर इंडिया के 3 नैरो बॉडी विमान क्षतिग्रस्त हो गए। इसके बाद इन विमानों को परिचालन से बाहर कर दिया गया। राजधानी में सोमवार से दोबारा गर्मी बढ़ने की आशंका है।

## सरकार ने उज्ज्वला योजना में सब्सिडी वाले सिलेंडरों की संख्या घटाई, अब एक साल में 9 की जगह मिलेंगे सिर्फ 4 सिलेंडर



नई दिल्ली (ए.)। मिड ईस्ट (मध्य पूर्व) में गहराते युद्ध संकट के बीच भारत सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (PMUY) के लाभार्थियों को लेकर एक बेहद बड़ा और चौंकाने वाला फैसला लिया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में एलपीजी की आसमान छूती कीमतों को देखते हुए सरकार ने सालाना सब्सिडी वाले एलपीजी (LPG) सिलेंडर की रिफिल की संख्या को सीधे 9 से घटाकर अब मात्र 4 कर दिया है। यानी अब उज्ज्वला योजना के तहत आने वाले गरीब परिवारों को साल भर में 642 की रियायती कीमत पर सिर्फ 4 सिलेंडर ही मिल सकेंगे।

सरकार को यह सख्त कदम मिडिल ईस्ट में अमेरिका और ईरान के बीच छिड़े भीषण युद्ध के चलते उठाना पड़ा है। इस युद्ध की वजह से वैश्विक स्तर पर गैस की सप्लाई चेन पूरी तरह चरमरा गई है, जिसके कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में एलपीजी की कीमतें 46 प्रतिशत तक महंगी हो चुकी हैं। इसी भारी आर्थिक बोझ को नियंत्रित करने के लिए सब्सिडी के नियमों में यह बड़ा बदलाव किया गया है। इस बड़े फैसले के बीच केंद्र सरकार का दावा है कि दुनिया भर में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की कीमतों में आए इस भयानक उछाल के बावजूद भारतीय परिवारों को दुनिया की सबसे सस्ती कुकिंग गैस मुहैया कराई जा रही है।

## पश्चिम बंगाल के फाल्टा से टीएमसी उम्मीदवार रहे जहांगीर खान नेपाल सीमा से गिरफ्तार

कोलकाता(आरएनएस)। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में आने वाली फाल्टा विधानसभा सीट पर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के उम्मीदवार रहे जहांगीर खान सोमवार को नेपाल सीमा से गिरफ्तार कर लिए गए। उनको सीमा के पास विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने गिरफ्तार किया है। जहांगीर के ऊपर विधानसभा चुनाव के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में छेड़छाड़ करने, मतदाताओं को धमकाने समेत कई मामलों में 7 एफआईआर दर्ज है। जहांगीर पिछले काफी दिनों से पुलिस से बच रहे थे।विधानसभा चुनाव में 29 अप्रैल को दूसरे चरण के दौरान उनके ऊपर गड़बड़ी के आरोप लगे थे।

## अंत्योदय से राष्ट्रोदय की भावना से हो रहा है गरीब कल्याण : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंत्योदय से राष्ट्रोदय की भावना के साथ विगत 12 वर्ष में गरीब कल्याण के लिए ठोस कार्य किया है। उनके निर्देशन में प्रत्येक मंत्रालय जनहित में सक्रिय है। हर गरीब का अधिकार सीधे उसके हाथों तक पहुंचाया गया है। इसी का परिणाम है कि देश में लगभग 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा है कि ऐसी अनेक योजनाएं हैं जिनसे नागरिकों का जीवन सार्थक बना है। इनमें प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से सभी पात्र राशन कार्ड धारकों निन्शुल्क खाद्यान्न, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शामिल है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पूरे देश में सार्वजनिक स्वच्छता के अभियान से स्वच्छ भारत के निर्माण का कार्य हो रहा है।



## ममता बनर्जी को बड़ा झटका, टीएमसी सांसद सुखेंदु शेखर ने राज्यसभा से इस्तीफा दिया




कोलकाता,(आरएनएस)। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की प्रमुख ममता बनर्जी को सोमवार को बड़ा झटका लगा है। उनकी पार्टी के राज्यसभा सांसद सुखेंदु शेखर रे ने सोमवार को राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता भी छोड़ दी है। यह घटनाक्रम ऐसे समय पर सामने आया है, जब बंगाल की प्रमुख पार्टी राजनीतिक संकट से जूझ रही है। विपक्षी इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल होने के लिए ममता दिल्ली में हैं।

रे ने अपने इस्तीफे में कहा, पश्चिम बंगाल की जनता ने 15 साल सत्ता में रहने के बाद टीएमसी को कथित भ्रष्टाचार, महिलाओं के खिलाफ अपराध और शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, उद्योग, रोजगार और कानून व्यवस्था सहित शासन में विफलताओं के कारण नकार दिया है। रे ने बंगाल के विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रदर्शन को ऐतिहासिक जनादेश बताया और कहा कि वे टीएमसी और राज्यसभा दोनों से इस्तीफा देकर जनता के फैसले को स्वीकार कर रहे हैं।

## भारत परमाणु हथियारों के मामले में पाकिस्तान से और हुआ मजबूत, एसआईपीआरआई की रिपोर्ट में खुलासा

नईदिल्ली(आरएनएस)। भारत ने परमाणु हथियार बनाने के मामले में पाकिस्तान को काफी पीछे छोड़ दिया है और उसकी धाक पहले से ज्यादा मजबूत हो गई है। दुनिया भर में हथियारों की गतिविधियों पर नजर रखने वाली संस्था स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (एसआईपीआरआई) की रिपोर्ट में यह अहम खुलासा हुआ है। रिपोर्ट से पता चलता है कि परमाणु हथियार बनाने के मामले में भारत की रफ्तार अब लगभग चीन के बराबर पहुंच गई है। आई पूरी खबर जानते हैं।

एसआईपीआरआई की रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी 2026 तक भारत के पास परमाणु युद्धक हथियारों की संख्या 190 पर पहुंच गई थी, जबकि पाकिस्तान के पास इन हथियारों की संख्या अभी भी 170 है। साल 2025 के दौरान वैश्विक सैन्य व्यय, हथियार हस्तांतरण, परमाणु बलों और प्रमुख सुरक्षा घटनाक्रमों को कवर करने वाली इस रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि वर्तमान में भारत के पास पाकिस्तान की तुलना में 20 परमाणु हथियार अधिक हैं और इनकी संख्या बढ़ सकती है।रिपोर्ट के अनुसार, पिछले एक दशक में भारत की परमाणु योजना ने लंबी दूरी की हथियार प्रणालियों में अधिक संसाधन निवेश करने पर जोर दिया है जो चीन को लक्षित करती प्रतीत होती हैं। हालांकि, भारत की योजना अभी भी पाकिस्तान के साथ उसकी दीर्घकालिक प्रतिद्वंद्विता से काफी प्रभावित है। SIPRI के अनुसार, परमाणु आधुनिकीकरण, लंबी दूरी की मिसाइलें, सशस्त्र ड्रोन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से लैस सिस्टम और साइबर क्षमताएं दक्षिण एशिया में सैन्य प्रतिस्पर्धा को बढ़ा रही हैं।




## छत्तीसगढ़ के तीन जवानों को मिलेगा 'शौर्य चक्र', दिल्ली में राष्ट्रपति के हाथों होंगे सम्मानित

बालोद/भानुप्रतापपुर,(आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के तीन जवानों को आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों प्रतिष्ठित वीरता सम्मान शौर्य चक्र से सम्मानित किया जाएगा. असम रायफल में पदस्थ जवान भोजराम साहू को मणिपुर में आंतकियों के साथ मुठभेड़ में प्रदर्शित अदम्य साहस और वीरता के लिए यह सम्मान प्रदान किया जाएगा. वहीं छत्तीसगढ़ में नक्सल अभियानों के दौरान उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाले पुलिस निरीक्षक लक्ष्मण केवट और निरीक्षक रामेश्वर देशमुख भी इस सम्मान से अलंकृत होंगे।

असम राइफल्स के जवान भोजराम साहू ने बताया कि 15 नवंबर, 2024 को मणिपुर के टेंगनोपाल में आतंकियों के घुसने की सूचना मिली थी. करीब 9:30 बजे आतंकियों के साथ मुठभेड़ हो गई, जिसमें भोजराम साहू को एक गोली भी लगी थी. लेकिन उनका हौंसला नहीं टूटा, जवाब कार्रवाई में भोजराम ने फायरिंग नहीं रोकी. फलस्वरूप आतंकियों को मैदान छोड़कर भागना पड़ा. इस कार्रवाई में 3 आतंकियों की मौत हुई थी।

## खान सर ने अग्रिम जमानत याचिका दायर की, सुनवाई की तारीख तय; दोनों गार्ड के मामले में फैसला सुरक्षित



पटना,(आरएनएस)। खान ग्लोबल स्टडीज में हुई फायरिंग और बवाल के मामले में सोमवार को महत्वपूर्ण घटनाक्रम सामने आ सकता है। संस्थान के निदेशक फैजल खान उर्फ खान सर की अग्रिम जमानत याचिका आज पटना सिविल कोर्ट में दाखिल की गई है। इसपर मंगलवार को सुनवाई होगी। वहीं, इस मामले में गिरफ्तार उनके दो सुरक्षा गार्डों की जमानत याचिका पर भी सुनवाई कर आदेश सुरक्षित रख लिया गया है। बताया जाता है कि ज्ञान बिंदु के वकील ने इरादतन गोली चलाने की बात कहते हुए जमानत का विरोध किया है। खान सर के अधिवक्ता ने शनिवार को अग्रिम जमानत के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूरी की थी।

दूसरी ओर, चार दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस अभी तक खान सर तक नहीं पहुंच सकी है। उनके ठिकाने को लेकर लगातार अटकलें लग रही हैं, लेकिन आधिकारिक तौर पर पुलिस ने कोई जानकारी साझा नहीं की है।

# नीट पुनर्परीक्षा के लिए भारतीय वायुसेना 18 जगहों से ले जाएगी प्रश्न पत्र

नईदिल्ली,(आरएनएस)। राष्ट्रीय पात्रता सह-प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2026 की पुनर्परीक्षा के लिए केंद्र सरकार ने बड़ी तैयारी कर ली है। रिपोर्ट के मुताबिक, 21 जून को निर्धारित पुनर्परीक्षा के लिए भारतीय वायुसेना की मदद ली जाएगी। उसके विमान देश भर के 18 स्थानों से परीक्षा पैकेटों का परिवहन करेगी। भारतीय वायुसेना को प्रश्न पत्र के पैकेट ले जाने का काम सौंपा गया है ताकि इसमें किसी भी प्रकार की गड़बड़ी होने से बचा जा सके। राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने कहा कि परीक्षा का आयोजन भारत के 551 शहरों में और विदेश के 14 शहरों में आयोजित किया जाएगा। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक पेपर और पेन के जरिए होगी। रविवार को एजेंसी ने परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों की परीक्षा शहर सूची जारी कर दी। प्रवेश-पत्र 14 जून से जारी होंगे। एजेंसी ने कहा कि उसने उम्मीदवारों को उनके पसंदीदा परीक्षा केंद्र आवंटित करने का प्रयास किया है। नीट-यूजी परीक्षा 3 मई को 22 लाख से अधिक छात्रों के लिए आयोजित हुई थी। इसके बाद पेपर लीक की खबर सामने आने पर एनटीए ने 12 मई को परीक्षा रद्द कर दी। मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपी गई, जिसने देश भर के अलग-अलग शहरों से कई लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें कोचिंग संचालक और प्रोफेसर भी शामिल हैं। पेपर लीक को लेकर पूरे देश में विरोध-प्रदर्शन देखने



को मिल रहा है।

## कश्मीर से लद्दाख के बीच दूरी होगी कम, जोजिला सुरंग का काम आज होगा पूरा

श्रीनगर(आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर को लद्दाख से जोड़ने वाले ऐतिहासिक जोजिला सुरंग का काम अपने अंतिम पायदान पर पहुंच गया है। मंगलवार 9 जून को 13.15 किलोमीटर लंबी जोजिला सुरंग का आखिरी ब्रेकथ्रू होगा, जिससे सुरंग के कश्मीर और लद्दाख के सिरे आपस में जुड़ जाएंगे। समुद्र से 11,578 फीट की ऊंचाई पर बन रहा सुरंग बालटाल (सोनमर्ग) और मीनामर्ग (द्रास और कारगिल) के बीच में स्थित है। सुरंग के शुरू होने से भारत की सामरिक शक्ति काफी हद तक बढ़ेगी। श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर जोजिला दर्रे से होकर गुजरने वाली सुरंग 9 जून को अपने आखिरी धमाके की गवाह बनेगी। इस मौके पर केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के मौजूद रहने की संभावना है।

# भारत बन रहा ग्लोबल फार्मा हब, इसमें म.प्र. की बड़ी भूमिका : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मध्यप्रदेश में निवेशकों और कम्पनियों का खुले दिल से स्वागत है

भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत आज पूरी दुनिया में फार्मेसी ऑफ द वर्ल्ड के रूप में अपनी सशक्त पहचान बना चुका है। वर्तमान में दुनिया भारत को केवल एक बड़े बाजार के रूप में ही नहीं, बल्कि एक भरोसेमंद उत्पादन केंद्र, वैश्विक सप्लाई चेन पार्टनर और आर्थिक महाशक्ति के रूप में भी देख रही है। उन्होंने कहा कि भारत को ग्लोबल फार्मा हब बनाने में मध्यप्रदेश की भूमिका तेजी से बढ़ रही है। मध्यप्रदेश आज हर क्षेत्र में निवेश के नये युग में प्रवेश कर आर्थिक एवं औद्योगिक विकास का नया अध्याय लिख रहा है। हेलियन कंपनी ने भारत में पहली मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के लिए मध्यप्रदेश के पीथमपुर को चुना है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की भूमि सफलता की धरती भी है। मध्यप्रदेश सरकार और हेलियन कंपनी के बीच आज परस्पर विश्वास की और असीम संभावनाओं की नई शुरूआत हो रही है। उन्होंने कहा कि हमारी औद्योगिक नीतियों के कारण देश-दुनिया सभी मध्यप्रदेश पर भरोसा कर रहे है। सबका यही विश्वास ही हमारी पूंजी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को पीथमपुर में स्थापित होने जा रही हेलियन ग्रुप की पहली मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के भूमि-पूजन समारोह (वर्चुअल ग्राउंडब्रेकिंग सेरेमनी) को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रिमोट का बटन दबाकर कंपनी की नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का सांकेतिक भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि



यह नए दौर का मध्यप्रदेश है। हमारा प्रदेश अब आत्मनिर्भर बन रहा है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में निवेश के इच्छुक सभी निवेशकों को उद्योग स्थापना से लेकर उत्पादन प्रारंभ होने तक हर स्तर पर राज्य सरकार का पूरा सहयोग मिलेगा। बताया गया कि हेलियन ग्रुप की इस मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के माध्यम से करीब 1000 लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर मिलेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कंपनी द्वारा इस प्लांट में 30 प्रतिशत तक महिलाओं को रोजगार देने का लक्ष्य रखने की सराहना करते हुए कहा कि यह हमारी सरकार के महिला सशक्तिकरण के प्रयासों को और भी मजबूती देगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस ऐतिहासिक भूमि-पूजन अवसर पर हेलियन ग्रुप को बधाई देते हुए कहा कि सरकार हर कदम पर आपके सहयोग के लिए साथ खड़ी है। कंपनी ने मध्यप्रदेश में तात्कालिक तौर पर 2 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि कंपनी की मध्यप्रदेश में निवेश राशि 2 हजार करोड़ रुपये से 2 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने के लिए हम सब मिलकर प्रयास करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हेलियन कंपनी सहित अन्य निवेशकों का मध्यप्रदेश में स्वागत करते हुए उन्हें बिना किसी संकोच के खुले हृदय से म.प्र. में निवेश के लिए आमंत्रित किया। अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय नीरज मंडलोई, प्रमुख सचिव, औद्योगिक नीति एवं निवेश संवर्धन राघवेन्द्र कुमार सिंह, प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड चंद्रमौली शुक्ला, हेलियन ग्रुप के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ब्रायन मैकनामारा, हेलियन इंडिया के अध्यक्ष (भारतीय उप महाद्वीप) केदार लेले, पश्चिमी भारत के लिए ब्रिटिश उप उच्चायुक्त हरजिंदर कांग, हेलियन इंडिया की चीफ सप्लाई चेन ऑफिसर श्रीमती नम्रता पटेल, हेलियन इंडिया के कार्यपालिक उपाध्यक्ष नितिन माथुर, हेलियन इंडिया की संचालक (कॉर्पोरेट अफेयर्स एण्ड सीएसआर) सुश्री वेदिका कपूर तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कंपनी के सीईओ श्री ब्रायन का अंगवस्त्रम् के साथ प्रतीक चिन्ह देकर अभिनंदन किया। श्री ब्रायन ने भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव को मध्यप्रदेश सरकार से कंपनी को मिल रहे सहयोग के लिए आभार जताकर स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

# किराया बढ़ाने की मांग को लेकर ऑटो चालकों का अनोखा प्रदर्शन, फटे कपड़े दिखाकर जताई नाराजगी



भोपाल, (निप्र.)। पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की लगातार बढ़ती कीमतों से परेशान ऑटो चालकों ने सोमवार को राजधानी भोपाल में अनोखे अंदाज में विरोध प्रदर्शन किया।रायसेन रोड स्थित छावनी पठार क्षेत्र में बड़ी संख्या में ऑटो चालक एकत्र हुए और हाथों में फटे अंडरवियर लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि बढ़ती महंगाई और ईंधन की कीमतों ने उनकी आर्थिक स्थिति इतनी कमजोर कर दी है कि रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना भी मुश्किल हो गया है।

रायसेन रोड स्थित शनि मंदिर के पास आयोजित इस प्रदर्शन में ऑटो चालकों ने किराया बढ़ाने की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि वर्षों से ऑटो किराए में कोई संशोधन नहीं हुआ है, जबकि ईंधन की कीमतें लगातार बढ़ती जा रही हैं। इसका सीधा असर उनकी आय और परिवार के भरण-पोषण पर पड़ रहा है। ऑटो संगठन के अध्यक्ष संजू अहिरवार ने बताया कि सीएनजी ऑटो में प्रतिदिन करीब 500 रुपये की गैस भरवानी पड़ती है। इसके बाद पूरे दिन की मेहनत से लगभग 1200 रुपये की कमाई होती है। इसमें से ईंधन खर्च निकालने के बाद जो राशि बचती है, उसी से वाहन की किश्त, रखरखाव और परिवार का खर्च चलाना पड़ता है। ऐसे में प्रतिदिन की वास्तविक बचत बेहद कम रह जाती है।

### फटे अंडरवियर से बयां की आर्थिक परेशानी

प्रदर्शन के दौरान चालकों ने फटे अंडरवियर दिखाकर अपनी बदहाल आर्थिक स्थिति का प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि बढ़ती महंगाई, वाहन की किश्तें, ईंधन खर्च और घरेलू जिम्मेदारियों के बीच उनकी आमदनी लगातार घटती जा रही है। कई चालकों ने कहा कि दिनभर मेहनत के बावजूद परिवार की बुनियादी जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो रहा है। ऑटो चालकों का कहना है कि सरकार को मौजूदा आर्थिक परिस्थितियों को देखते हुए ऑटो किराए का पुनर्निर्धारण करना चाहिए। उनका तर्क है कि किराया बढ़ने से ही वे वाहन की किश्त समय पर चुका पाएंगे और अपने परिवार का सम्मानजनक तरीके से पालन-पोषण कर सकेंगे।

## विधायक श्री सबनानी ने दिखाई मलेरिया जागरुकता रथ को हरी झंडी



भोपाल (संदीप पंडा)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा के मार्गदर्शन में एवं जिला मलेरिया अधिकारी श्रीमती स्मृता नामदेव के निर्देशन में मलेरिया माह जून 2026 के अंतर्गत सोमवार को भोपाल जिले के दक्षिण पश्चिम क्षेत्र के विधायक भगवानदास सबनानी द्वारा मलेरिया जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला मलेरिया कार्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने जिले में मलेरिया प्रकरणों में आई कमी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला मलेरिया कार्यालय द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की तथा रोग नियंत्रण गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रेरित किया।

# चित्रांश मासिक परिवार बैठक एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन सम्पन्न







भोपाल (निप्र)। नेहरू नगर स्थित विज्ञान भवन में रविवार को चित्रांश मासिक परिवार बैठक एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कायस्थ समाज के लगभग 300 से अधिक गणमान्य उपस्थित रहे। समारोह में समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों, युवा प्रतिभाओं एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभूतियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के मंत्री विश्वास कैलाश सारंग रहे। विशिष्ट अतिथियों में दैनिक क्षितिज किरण समूह के संपादक के.के.सक्सेना, सुनील श्रीवास्तव एवं अजय नीलू श्रीवास्तव शामिल रहें। समारोह के दौरान कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। श्री सारंग ने विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया तथा समाज के विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला साथ ही एक पेड़ माँ के नाम लगाने हेतु आहवान किया और एक लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया। इस अवसर पर दैनिक क्षितिज किरण समूह के संपादक के.के. सक्सेना एवं दैनिक क्षितिज किरण सीहोर की ब्यूरो चीफ श्रीमती भावना सक्सेना की वैवाहिक वर्षगांठ भी समारोह के दौरान उत्साहपूर्वक मनाई गई। उपस्थित कायस्थ परिवारों ने दंपति को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए उनके सुखद एवं सफल वैवाहिक जीवन की कामना की। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें समाज की एकजुटता, शिक्षा के प्रति समर्पण तथा प्रतिभाओं के सम्मान का संदेश देखने को मिला।

## मप्रः आरक्षकों ने सीपीआर देकर बचाई आगंतुक की जान, डीजीपी ने की पुरस्कृत करने की घोषणा

### - समय पर दिए गए सीपीआर से अचेत आगंतुक को मिला नया जीवन

भोपाल(निप्र)। मध्य प्रदेश में पुलिसकर्मियों को नियमित रूप से प्रदान किए जाने वाले सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) प्रशिक्षण का सकारात्मक परिणाम लगातार सामने आ रहे हैं। इसी के परिणामस्वरूप



सोमवार को पुलिस आयुक्त कार्यालय, भोपाल में पदस्थ दो आरक्षकों ने त्वरित सूझबूझ, तत्परता एवं सीपीआर कौशल से एक अचेत नागरिक को समय रहते जीवनरक्षक सहायता प्रदान कर उसकी जान बचाई। इस सराहनीय कार्य के लिए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कैलाश मकवाणा ने दोनों पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की है।पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, कार्यालय पुलिस आयुक्त, नगरीय पुलिस भोपाल में एक आगंतुक अचानक अस्वस्थ होकर अचेत अवस्था में जमीन पर गिर पड़ा। घटना को देखते हुए वहां मौजूद चालक आरक्षक क्रमांक 858 मुकेश साहू एवं गनमैन आरक्षक क्रमांक 3685 रंजीत रघुवंशी ने तत्काल स्थिति की गंभीरता को समझते हुए बिना समय गंवाए प्राथमिक उपचार प्रारंभ किया।दोनों आरक्षकों ने प्रशिक्षित दक्षता का परिचय देते हुए अचेत व्यक्ति को तत्काल सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) देना शुरू किया। उन्होंने बारी-बारी से लगातार सीपीआर प्रदान किया, जिसके परिणामस्वरूप कुछ ही समय में आगंतुक को होश आ गया। प्राथमिक उपचार के उपरांत उसे बेहतर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य लाभ के लिए अस्पताल भेजा गया। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा समय-समय पर पुलिसकर्मियों को सीपीआर एवं अन्य आपातकालीन जीवनरक्षक तकनीकों का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, ताकि दुर्घटना, हृदयाघात अथवा अन्य आपात स्थितियों में नागरिकों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

# हर ग्राम में बनेगी एक लखपति गोपालक दीदी, पशुपालन और मत्स्य क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर दिया जायेगा विशेष ध्यान




### कृषि उत्पादन आयुक्त अशोक बर्णवाल ने ली संभागीय समीक्षा बैठक

भोपाल (निप्र)। कृषि उत्पादन आयुक्त अशोक बर्णवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पशुपालन को केवल सहायक व्यवसाय न मानकर ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बनाएं। प्रत्येक ग्राम में कम से कम एक लखपति गोपालक दीदी तैयार करने का लक्ष्य लेकर कार्य करें। महिला स्व-सहायता समूहों को पशुपालन गतिविधियों से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के प्रयास किए जाएं, जिससे ग्रामीण महिलाओं की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हो सके।पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन को ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सशक्त आधार बनाने के उद्देश्य से कृषि उत्पादन आयुक्त अशोक बर्णवाल की अध्यक्षता में पशुपालन, डेयरी एवं मछुआ कल्याण विभाग की संयुक्त संभागीय समीक्षा बैठक सोमवार को इंदौर में आयोजित की गई। बैठक में प्रमुख सचिव पशुपालन उमाकांत उमराव, सचिव मत्स्य पालन स्वतंत्र कुमार सिंह, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, कलेक्टर शिवम वर्मा सहित संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### दुग्ध व्यवसाय को संगठित रूप दें

क्षीरधारा ग्राम योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए श्री बर्णवाल ने कहा कि इस योजना के माध्यम से गांवों में दुग्ध उत्पादन और दुग्ध व्यवसाय को संगठित स्वरूप प्रदान किया जाए। दुग्ध उत्पादकों को आधुनिक तकनीकों, वैज्ञानिक पशुपालन और बेहतर विपणन सुविधाओं से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने के प्रयास किए जाएं। श्री बर्णवाल ने हिरण्यगर्भ नस्ल सुधार अभियान को परिणाममूलक ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्नत नस्ल के पशुओं की उपलब्धता बढ़ाने के लिए व्यापक स्तर पर नस्ल सुधार कार्यक्रम चलाए जाएं। कृत्रिम गर्भाधान और अन्य आधुनिक तकनीकों का उपयोग बढ़ाकर पशुओं की उत्पादकता में वृद्धि सुनिश्चित की जाए। पशुपालकों को संतुलित एवं पौष्टिक पशु आहार की जानकारी और उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। संतुलित आहार से पशुओं का स्वास्थ्य बेहतर होगा तथा दुग्ध उत्पादन में वृद्धि होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पशु पोषण संबंधी जागरूकता अभियान भी चलाए जाएं। प्रमुख सचिव पशुपालन उमाकांत उमराव ने प्रदेश को उन्नत नस्ल के पशुओं के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कई पशुपालकों को उच्च गुणवत्ता वाली नस्ल के पशुओं के लिए अन्य राज्यों पर निर्भर रहना पड़ता है। यदि प्रदेश में ही उन्नत नस्ल के पशुओं का पर्याप्त उत्पादन होगा तो पशुपालकों को कम लागत पर स्थानीय स्तर पर बेहतर नस्ल के पशु उपलब्ध हो सकेंगे, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। बैठक में ब्रीडर संघों के गठन पर भी चर्चा हुई। श्री बर्णवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पशु प्रजनन से जुड़े किसानों और उद्यमियों को संगठित कर ब्रीडर संघों का गठन किया जाए, जिससे गुणवत्तापूर्ण नस्ल विकास कार्यक्रमों को गति मिल सके।

### भोपाल में रंगमंच का महाकुंभ :

## 8 से 12 जून तक सजेगा 'हबीब रंग आलाप' नाट्य महोत्सव, 27 साल पुराने कलाकार फिर मंच पर

भोपाल (ए.)। भोपाल का रंगमंच एक बार फिर अपनी पूरी आभा के साथ जीवंत होने जा रहा है। हम थिएटर ग्रुप, भोपाल द्वारा 22वां स्मरण 'हबीब रंग आलाप' नाट्य महोत्सव 8 जून से 12 जून तक रविन्द्र भवन के अंजनी सभागार में आयोजित किया जा रहा है।यह महोत्सव रंगमंच के शिखर पुरुष हबीब तनवीर की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रतिवर्ष आयोजित होता है और इस बार भी पांच दिनों तक नाट्य कला की विविध रंगतें दर्शकों को देखने को मिलेंगी।

# संजय गांधी थर्मल पॉवर स्टेशन का शिखर प्रदर्शनः यूनिट-3 ने लगातार 100 दिन बिजली उत्पादन कर रचा इतिहास



भोपाल (ए.)। प्रदेश को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के संजय गांधी थर्मल पॉवर स्टेशन बिरसिंगपुर (SGTPS) ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। स्टेशन की यूनिट नंबर 3 ने बीते 27 फरवरी से बिना रुके लगातार 100 दिनों तक बिजली पैदा करने का स्वर्णिम आंकड़ा छू लिया है। गौरतलब है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान भी कंपनी की कुल 13 उत्पादन इकाइयों ने 100 से अधिक दिनों तक लगातार निर्बाध बिजली उत्पादन करने का रिकॉर्ड बनाया था। इस शानदार ट्रैक रिकॉर्ड में अकेले संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर का दबदबा रहा; जहां इसी यूनिट-3 ने पहले भी एक बार यह मुकाम हासिल किया था, वहीं स्टेशन की यूनिट-4 दो बार और यूनिट-5 ने एक बार इस ऐतिहासिक उपलब्धि को अपने नाम दर्ज कराया था।

### सटीक परिचालन से गढ़े गए दक्षता के नए मानदंड

इस रिकॉर्ड परिचालन अवधि के दौरान यूनिट ने 89.18 प्रतिशत का प्लांट अवेलेबिलिटी फैक्टर (PAF) बनाए रखा, जो बिजली उत्पादन के लिए इस इकाई की उच्च उपलब्धता और तकनीकी मजबूती को प्रमाणित करता है। इसके साथ ही, इकाई ने 80.07 प्रतिशत का प्लांट लोड फैक्टर (PLF) दर्ज कर अपनी वास्तविक उत्पादन क्षमता के कुशल उपयोग का लोहा मनवाया। ऊर्जा दक्षता के मोर्चे पर भी प्रबंधन का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा, जहां आंतरिक सहायक विद्युत खपत (APC) को महज 9.17 प्रतिशत पर सीमित रखकर बिजली की बड़ी बचत की गई।

### उत्पादन इकाइयाँ उच्चतम विश्वसनीयता के साथ काम करने में सक्षम

मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने इस गौरवमयी उपलब्धि पर गहरी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पूरी टीम की सराहना की। उन्होंने कहा, हमारे इंजीनियरों और तकनीकी टीम ने उत्कृष्ट संधारण (Maintenance) और कुशल संचालन (Operation) के दम पर बार-बार यह साबित किया है कि कंपनी की बिजली उत्पादन इकाइयाँ उच्चतम विश्वसनीयता के साथ काम करने में पूरी तरह सक्षम हैं। यही वजह है कि हमारी इकाइयाँ लगातार राष्ट्रीय स्तर के कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं और उत्कृष्ट प्रदर्शन का एक बेहद मजबूत रिकॉर्ड बना रही हैं। उन्होंने कहा यह उपलब्धि तकनीकी कार्मिकों एवं ठेका श्रमिकों की सतत निगरानी, समर्पण तथा समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण संधारण का परिणाम है। डायरेक्टर टेक्निकल सुबोध निगम ने कहा कि यह सफलता पूरी टीम के आपसी तालमेल, सक्रिय कार्यप्रणाली और संकट के समय त्वरित फैसलों का नतीजा है। उन्होंने विश्वास जताया कि हमारे सभी विद्युत गृह भविष्य में भी प्रदेश को निर्बाध और भरोसेमंद बिजली देने में हमेशा आगे रहेंगे।

# भोपाल निगम परिषद की मीटिंग आज

### सिर्फ एक एजेंडा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर होगी चर्चा; विपक्ष सड़क, पानी-नाले के मुद्दे उठाएगा




भोपाल( निप्र )। भोपाल नगर निगम परिषद की मीटिंग मंगलवार को होगी। हालांकि, इसमें ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का एक ही एजेंडा है। ऐसे में विपक्ष सड़क, पानी और नाले की सफाई के मुद्दे पर सत्ता पक्ष को घेर सकता है। दरअसल, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। विभाग ने सभी निकायों को 5 जून को मीटिंग करने को कहा था, लेकिन भोपाल निगम 9 जून को यह विशेष बैठक कर रहा है। बैठक में नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी मौजूद नहीं रहेंगी। पारिवारिक कारणों से उनके शहर से बाहर मुंबई में होने की वजह से उन्होंने बैठक में शामिल होने में असमर्थता जताई है। इस स्थिति को देखते हुए नेता प्रतिपक्ष ने नगर निगम अध्यक्ष को एक आधिकारिक पत्र लिखकर अपनी जगह वार्ड-16 के पार्षद मो. सरवर को बैठक के लिए अपना प्रतिनिधि नियुक्त करने की अनुमति मांगी है । जकी की अनुपस्थिति में पार्षद मो. सरवर परिषद की बैठक के दौरान नेता प्रतिपक्ष की मुख्य भूमिका का निर्वहन करेंगे। मीटिंग में वे मानसून से जुड़ी समस्याओं को लेकर बात रखेंगे।

# ट्विशा का केस कमजोर करना चाहती थी पुलिस

## वकील का दावा-एसआई ने पहचान कराए बिना रस्सी जब्त की; गिरिबाला तक पहुंची केस डायरी की जानकारी



भोपाल (ए.)। एक्ट्रेस ट्विशा शर्मा डेथ केस की जांच कर रही सीबीआई मामले की कड़ियों को जोड़ने में जुटी है। मेडिकल रिकॉर्ड, डिजिटल साक्ष्य और अन्य तथ्यों को जोड़कर जांच कर रही है। सास और रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह की ओर से जबलपुर हाईकोर्ट में पेश दस्तावेज में सामने आया है कि जांच से जुड़े तथ्य पहले ही उनके पास पहुंच रहे थे। ट्विशा के परिजन के वकील अंकुर पांडे का कहना है कि इसी के चलते वह अग्रिम जमानत लेने में सफल हो गईं।सीबीआई सूत्रों का कहना है कि मामले की प्रारंभिक जांच और रस्सी जब्त करने वाले एसआई दिनेश शर्मा से दोबारा पूछताछ की जाएगी। इन्होंने घटना के बाद सबसे पहले घटनास्थल का निरीक्षण किया और क्राइम सीन का नक्श मुआयना तैयार किया था। वकील अंकुर पांडे ने कहा- कटारा हिल्स थाने के एसआई दिनेश शर्मा 13 मई 2026 को सुबह करीब 9:42 बजे ट्विशा के घर पहुंचे। उन्होंने गिरिबाला और समर्थ के सामने रस्सी जब्त की, लेकिन जब्ती पत्रक में किसी को साक्षी नहीं बनाया। इसीलिए दस्तावेज में रस्सी पहचानने वाले का जिक्र नहीं किया। उन्होंने रस्सी अपनी कार में रख ली, जबकि ये तत्काल एम्स के डॉक्टरों को देना था। 13 मई को पीएम कराने भी दिनेश शर्मा ही एम्स पहुंचे थे। ट्विशा के परिजन ने इस पर 14 मई को हंगामा कर दिया। इसके बाद एसआई ने 15 मई को ये रस्सी डॉक्टरों को दी। वकील कहते हैं, ऐसे साक्ष्य जुटाते समय गवाह बनाना कानूनी रूप से जरूरी है। पुलिस को शुरुआत में ही गिरिबाला और पति समर्थ को संदिग्ध के रूप में चिह्नित करना था, लेकिन ऐसा नहीं किया। इतनी बड़ी चूक के बावजूद जिम्मेदार उन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। बता दें, 27 मई को हाईकोर्ट ने गिरिबाला सिंह की अग्रिम जमानत रद्द कर दी थी। एक जून को गिरफ्तारी के बाद सीबीआई की टीम गिरिबाला और समर्थ सिंह को लेकर उनके घर पहुंची थी। वकील का दावा है कि प्रारंभिक जांच करने वाले एसआई दिनेश शर्मा की भूमिका संदिग्ध है। अग्रिम जमानत के लिए दिए गए आवेदन में जब्ती से जुड़े दस्तावेज में हुई गलतियों का जिक्र था। इसी आधार पर जमानत मांगी गई। इससे संकेत मिलता है कि केस डायरी से जुड़ी अहम जानकारी गिरिबाला सिंह तक पहुंच रही थी।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा की रणनीति बैठक, बूथ स्तर तक पहुंचाने की बनी कार्ययोजना



सागर, (ए.)। भारतीय जनता पार्टी जिला सागर मध्य प्रदेश की मासिक संगठनात्मक बैठक सोमवार को आयोजित हुई, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रस्तावित कार्यक्रमों और जनसंपर्क अभियानों की रूपरेखा तय की गई। बैठक में आगामी दिनों में जिलेभर में चलाए जाने वाले अभियान और संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं सागर संभाग प्रभारी गौरव रणदिवे तथा प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी सतानंद गौतम विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा दमोह सांसद, जिला ग्रामीण अध्यक्ष श्रीमती रानी कुशवाहा सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केंद्र सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर जोर दिया।

# जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई- रामजानकी ट्रस्ट रानी घाटी मंदिर की 107 बीघा भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई



### भूमि का कब्जा मंदिर ट्रस्ट को सौंपा गया

ग्वालियर (ए.)। सरकारी एवं मंदिरों से संबंधित जमीनों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को प्रभारी कलेक्टर कुमार सत्यम के निर्देश पर गई जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने विकासखंड घाटीगांव के अंतर्गत झांकरी ग्राम में बड़ी कार्रवाई कर रामजानकी ट्रस्ट रानी घाटी मंदिर की 107 बीघा भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। एसडीएम भितरवार श्री राजीव समाधिया के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के दौरान भूमि पर अवैध रूप से कब्जा किए हुए लोगों को बेदखल कर मंदिर की जमीन का विधिवत कब्जा मंदिर के पुजारी कमलानंद महाराज को सौंपा गया। अतिक्रमण से मुक्त कराई गई भूमि की अनुमानित बाजार कीमत 11 करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है।कार्रवाई के दौरान राजस्व विभाग एवं पुलिस बल की मौजूदगी में मौके पर कब्जा दिलाने की प्रक्रिया पूरी की गई। मंदिर के पुजारी द्वारा भूमि की सीमाओं पर मुड्डियां गड़वाकर भूमि का कब्जा प्राप्त किया गया। जानकारी के अनुसार लगभग 35 अतिक्रमणकारी पिछले 25 से 30 वर्षों से इस भूमि पर अवैध रूप से कब्जा किए हुए थे। यह कार्रवाई एसडीएम भितरवार राजीव समाधिया, एसडीओपी जितेन्द्र नगाइच, तहसीलदार सुश्री रुचि अग्रवाल, नायब तहसीलदार सुश्री पूजा मावई, थाना प्रभारी भितरवार एवं चीनोर सहित राजस्व विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों तथा पुलिस बल की उपस्थिति में संपन्न हुई।जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सरकारी एवं धार्मिक संस्थाओं की भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

## अनूपपुर : ज्येष्ठ अधिमास में मां नर्मदा के दर्शन-पूजन हेतु उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

अनूपपुर,(ए.)। मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले की प्रमुख धार्मिक एवं आध्यात्मिक नगरी अमरकंटक में ज्येष्ठ अधिमास के पावन अवसर पर सोमवार को मां नर्मदा के दर्शन, पूजन एवं पवित्र स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। विगत एक सप्ताह से देश के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले भक्तजन बड़ी संख्या में अमरकंटक पहुंच रहे हैं।



जहां प्रात:काल से ही नर्मदा नदी के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगना शुरू हो जाता है। भक्तजन मां नर्मदा में आस्था की डुबकी लगाकर स्नान, ध्यान एवं पूजा-अर्चना कर रहे हैं। स्नान के उपरांत श्रद्धालु नर्मदा मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए लंबी कतारों में खड़े होकर मां नर्मदा का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। अधिमास के कारण संपूर्ण अमरकंटक क्षेत्र में धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण बना हुआ है। नगर के विभिन्न आश्रमों एवं धार्मिक स्थलों पर कथा, प्रवचन एवं अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है। श्रद्धालु इन आयोजनों में भाग लेकर धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं।वर्तमान में शांति कुटी आश्रम, मृत्युंजय आश्रम, गुरु नानक गुरुद्वारा, धारकुंडी आश्रम, आरंडी संगम तथा बब्बा की बाड़ी सहित अनेक स्थानों पर श्रीमद्भागवत महापुराण, शिव महापुराण एवं नर्मदा महापुराण की कथाओं का आयोजन चल रहा है।

# एबीवी-आईआईआईटीएम में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ



ग्वालियर (ए.)। अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन संस्थान (एबीवी-आईआईआईटीएम), ग्वालियर द्वारा पावर डिस्ट्रीब्यूशन ट्रेनिंग सेंटर (पीडीटीसी), मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (एमपीएमकेवीवीसीएल), भोपाल के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज संस्थान के सी-ब्लॉक, के सेमिनार हॉल में शुभारंभ हुआ। यह विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम एमपीएमकेवीवीसीएल, भोपाल के अभियंताओं एवं अधिकारियों के लिए आयोजित किया गया है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों के तकनीकी ज्ञान, कार्यकुशलता तथा व्यावसायिक दक्षता को बढ़ाना है। प्रशिक्षण के दौरान विद्युत सुरक्षा, एटी एंड सी हानियों का प्रबंधन, स्मार्ट ग्रिड, स्मार्ट मीटरिंग, मांग पूर्वानुमान, डीसी माइक्रोग्रिड तथा विद्युत ग्रिड में इलेक्ट्रिक वाहनों के भार प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए जाएंगे। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में विनोद कटारे, मुख्य महाप्रबंधक, मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड उपस्थित रहे।

## जल संरक्षण की मिसाल बनी ट्रेजर टाउन कॉलोनी, हर घर के वर्षा जल को सहेजने का मॉडल तैयार

इंदौर (ए.)। प्रदेश में जल संरक्षण और जल स्रोतों के पुनरुद्धार के लिए मुख्यमंत्री की जनभागीदारी की अपील का इंदौर में व्यापक असर दिखाई दे रहा है। नगर पालिक निगम इंदौर द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत शहरभर में जल संरक्षण के कार्य युद्ध स्तर पर जारी हैं। इस अभियान में शहर के विभिन्न सामाजिक संगठन, रहवासी संघ (आरडब्ल्यूए), शैक्षणिक संस्थान और कॉर्पोरेट क्षेत्र बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। इसी कड़ी में महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने जनभागीदारी से जल संरक्षण का उत्कृष्ट मॉडल विकसित करने वाली ट्रेजर टाउन कॉलोनी का निरीक्षण किया। कॉलोनी के रहवासियों ने सामूहिक प्रयास से प्रत्येक भवन के वर्षा जल आउटलेट (रेन वॉटर आउटलेट) को सीधे रिचार्ज पिट से जोड़कर भू-जल संवर्धन की एक अनूठी तकनीक अपनाई है। कॉलोनी प्रबंधन और रहवासियों के सहयोग से अब तक परिसर में चार बड़े रिचार्ज पिट का निर्माण पूरा किया जा चुका है।

## पश्चिम इंदौर की जल समस्या होगी दूर, 30 एमएलडी की नई जल परियोजना का भूमिपूजन

इंदौर (ए.)। पश्चिम इंदौर के बड़े हिस्से में जल संकट के स्थायी समाधान और भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक बड़ी जल परियोजना की शुरुआत की गई है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा



सोमवार को पश्चिम क्षेत्र की जल आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए 30 एमएलडी क्षमता के जीएसआर (ग्राउंड सर्विस रिजर्वायर) प्रोजेक्ट का भूमिपूजन किया गया। यह दूरगामी परियोजना रेती मंडी, रंगवासा, प्रगति नगर, ग्रेटर वैशाली, स्कीम 71, केट रोड, बीएसएफ क्षेत्र और चंदन नगर सहित आसपास के अनेक इलाकों के लाखों नागरिकों को दीर्घकालीन और सुदृढ़ जलापूर्ति सुनिश्चित करेगी। इस अवसर पर जल कार्य प्रभारी अभिषेक शर्मा 'बबलू' ने बताया कि इंदौर की आबादी और आवासीय सीमाओं में पिछले कुछ वर्षों में तेजी से विस्तार हुआ है। नगर निगम की प्राथमिकता है कि शहर के हर नए और विस्तारित क्षेत्र तक बेहतर जल वितरण व्यवस्था पहुंचे। इसी दूरदर्शी सोच के साथ आने वाले 20 से 25 वर्षों की संभावित आवश्यकताओं का आकलन कर शहरी जल अधोसंरचना (वॉटर इंफ्रास्ट्रक्चर) को लगातार मजबूत किया जा रहा है। परियोजना के भूमिपूजन कार्यक्रम में नगर उपाध्यक्ष भारत पारख, पार्षद ओपी आर्य, योगेश गेदर, जीतू राठौर और महापौर प्रतिनिधि अंशुमन चौहान सहित बड़ी संख्या में स्थानीय रहवासी तथा गणमान्य पदाधिकारी उपस्थित

# व्यापार समाचार

## अदाणी ग्रीन, अदाणी पावर और अदाणी एनर्जी पर बुलिश जेफरीज, कहा- क्रियान्वयन मजबूत




अहमदाबाद (ए.)। ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने अदाणी ग्रीन एनर्जी, अदाणी पावर और अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस पर बुलिश बना हुआ है और इसकी वजह क्षमता में तेज विस्तार, मजबूत मांग और क्रियान्वयन मजबूत होना है। अपने ताजा नोट में जेफरीज ने अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड को बाय रेटिंग दी है और प्राइस टारगेट 1,435 रुपए निर्धारित किया है, जो कि छोटी अवधि में सीमित तेजी, लेकिन लंबी अवधि में कंपनी में मजबूत ग्रोथ की संभावना को दिखाता है।

ब्रोकरेज फर्म ने बताया कि कंपनी की योजना अपनी रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता को वित्त वर्ष 2026 में 19.3 गीगावाट से बढ़ाकर वित्त वर्ष 2030 तक 50 गीगावाट तक ले जाना है। इसमें 5 गीगावाट की पंप स्टोरेज परियोजना और बैटरी स्टोरेज सिस्टम में वित्त वर्ष 2027 तक 10 गीगावाट से अधिक की तेज वृद्धि शामिल है। जेफरीज ने कहा कि गुजरात के खावड़ा में बड़े पैमाने पर विकास कार्य चल रहा है, जहां 30 गीगावाट रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता का निर्माण किया जा रहा है, जो विकास का एक प्रमुख चालक बना हुआ है। अदाणी पावर लिमिटेड पर जेफरीज ने अपनी बाय रेटिंग बरकरार रखते हुए 255 रुपए का टारगेट प्राइस निर्धारित किया है, जो लगभग 11 प्रतिशत की वृद्धि का संकेत देता है।ब्रोकरेज फर्म ने कहा कि वित्त वर्ष 2032 तक कंपनी की क्षमता को 42 गीगावॉट तक बढ़ाने की योजना और दीर्घकालिक बिजली खरीद समझौतों की मजबूत पाइपलाइन से आय की संभावना में काफी सुधार होता है। ब्रोकरेज फर्म ने आगे कहा कि आगामी क्षमता का लगभग 56 प्रतिशत का पीपीए पहले से ही हो चुका है और प्रबंधन का लक्ष्य भविष्य में सभी पीपीए को पूरा करना है। अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) के लिए, जेफरीज ने 1,665 रुपए के टारगेट प्राइस के साथ बाय रेटिंग को बरकरार रखा है, जो निजी क्षेत्र में भारत की एकमात्र सूचीबद्ध प्योर प्ले ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के रूप में इसकी मजबूत स्थिति को दर्शाता है। ब्रोकरेज फर्म ने कहा कि कंपनी भारत के बढ़ते ट्रांसमिशन इन्फ्रास्ट्रक्चर और स्मार्ट मीटरों की बढ़ती तैनाती का फायदा उठाने के लिए अच्छी स्थिति में है।

## शेयर बाजार गिरावट पर बंद

### सेंसेक्स 719 अंक, निफ्टी 243 अंक गिरा

मुंबई (ए.)। घरेलू शेयर बाजार सोमवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट अमेरिका, इजरालय और ईरान के बीच तनाव बढ़ने के कारण दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। इसी कारण दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई संसेक्स सेंसेक्स 719.08 अंकों की गिरावट के साथ ही 73,524.26 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 243.70 अंक नीचे आकर 23,123 पर पहुंच गया। इसके अलावा व्यापक बाजार में भी गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स में 1.40 फीसदी और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स में 1.92 फीसदी की गिरावट रही। सेक्टरवार देखें तो निफ्टी रियल्टी, निफ्टी मेटल और निफ्टी ऑटो में 2 फीसदी से ज्यादा गिरावट आई जबकि निफ्टी मीडिया, निफ्टी ऑयल एंड गैस, निफ्टी आईटी, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज और निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में भी एक फीसदी गिरावट रही।

## वैश्विक तनावों के बीच कीमती धातुओं में बड़ी गिरावट, एक ही दिन में चांदी 2.6 प्रतिशत फिसली, सोना 1.3 प्रतिशत गिरा



मुंबई (ए.)। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को घरेलू कमोडिटी बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। शेयर बाजार में कमजोरी के बीच कीमती धातुओं में भी तेज बिकवाली देखने को मिली।मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोमवार को सोना और चांदी, दोनों के भाव में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। खासतौर पर चांदी की कीमतों में आई तेज गिरावट ने निवेशकों का ध्यान खींचा, क्योंकि इसका भाव ढाई लाख रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर से नीचे पहुंच गया।एमसीएक्स पर चांदी का वायदा भाव सोमवार को कारोबार शुरू होते ही तेज गिरावट के साथ 2,41,990 रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 2,48,537 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी, यानी एक ही दिन में चांदी की कीमत में 6,500 रुपए से अधिक की गिरावट दर्ज की गई।आज एमसीएक्स सिल्वर जुलाई वायदा 2,51,001 रुपए प्रति किलोग्राम पर खुला और यही दिन का उच्च स्तर रहा, वहीं दिन के कारोबार में गिरकर 2,39,064 रुपए का दिन का निम्नतम स्तर छुआ। हालांकि खबर लिखे जाने तक (दोपहर 12.17 बजे के करीब) यह चांदी 6,512 रुपए यानी 2.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,42,025 रुपए प्रति किलोग्राम पर कारोबार करती हुई नजर आई।वहीं, अगर जून महीने की शुरुआत से अब तक के प्रदर्शन पर नजर डालें तो चांदी में करीब 24,000 रुपए प्रति किलोग्राम की गिरावट आ चुकी है। महीने की शुरुआत में इसका भाव 2,66,163 रुपए प्रति किलोग्राम के आसपास था, जो अब काफी नीचे आ चुका है। इससे स्पष्ट है कि जून का महीना अब तक चांदी के लिए दबाव भरा रहा है।चांदी अपने सर्वकालिक उच्च स्तर से भी काफी नीचे कारोबार कर रही है। इस वर्ष जनवरी में चांदी ने 4,57,328 रुपए प्रति किलोग्राम का रिकॉर्ड स्तर छुआ था। मौजूदा कीमतों की तुलना करें तो चांदी अपने उच्चतम स्तर से करीब 2.15 लाख रुपए प्रति किलोग्राम तक फिसल चुकी है। यह गिरावट बाजार में मांग, वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों और निवेशकों की बदलती रणनीतियों को दर्शाती है।

## सैमसंग यूजर्स की चमकी किस्मत, लीक हुई एंड्रॉयड 17 आधारित वन यू आई 9 अपडेट की लिस्ट; क्या आपका फोन भी है शामिल?

नई दिल्ली (ए.)। दुनिया की दिग्गज टेक कंपनी गूगल (Google) ने हाल ही में अपने अपकमिंग ऑपरेटिंग सिस्टम एंड्रॉयड 17 (Android 17) के लिए आखिरी बीटा 4.1 अपडेट जारी किया था। इसके बाद से ही कयास लगाए जा रहे हैं कि इसका स्टेबल वर्जन जून के आखिर में या



जुलाई की शुरुआत में पिक्सल (Pi&el) सीरीज के स्मार्टफोन के लिए रोलआउट कर दिया जाएगा। गूगल के इस कदम के बाद अब दूसरे स्मार्टफोन ब्रांड्स भी एंड्रॉयड 17 पर बेस्ड अपनी कस्टम स्किन बाजार में उतारने की तैयारी में जुट गए हैं। इसी कड़ी में प्रीमियम स्मार्टफोन निर्माता कंपनी सैमसंग (Samsung) भी अपनी अगली जनरेशन के फोल्डेबल फोन्स Gala&4 Z Flip 8 और Fold 8 सीरीज के साथ 'वन यूआई 9' (One UI 9) को पेश कर सकती है।सैमसंग यूजर्स जहां एक तरफ वन यूआई 9 के ऑफिशियल रोलआउट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ एक मशहूर टिप्स्टर ने इंटरनेट पर बेहद अहम जानकारी लीक कर दी है। इस लीक से उन गैलेक्सी स्-सीरीज (Gala&4 S-Series) के डिवाइस की लिस्ट सामने आई है, जिन्हें एंड्रॉयड 17 पर बेस्ड वन यूआई 9 का स्टेशा अपडेट सबसे पहले मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (X) पर शेयर की गई एक पोस्ट में जाने-माने टिप्स्टर तरुण वत्स ने दावा किया है कि सैमसंग की प्रीमियम फ्लैगशिप गैलेक्सी S26 सीरीज, गैलेक्सी S25 सीरीज, गैलेक्सी S24 सीरीज (जिसमें गैलेक्सी S24 स्नश्व भी शामिल है) और गैलेक्सी S23 सीरीज (जिसमें गैलेक्सी S23 स्नश्व भी शामिल है) को सबसे पहले स्टेबल वन यूआई 9 का अपडेट दिया जाएगा।

# चैट जीपीटी ने लॉन्च किया लॉकडाउन मोड, अब आपकी पर्सनल जानकारी रहेगी ज्यादा सेफ

नई दिल्ली (ए.)। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी ओपनएआई ने अपने लोकप्रिय एआई प्लेटफॉर्म चैटजीपीटी के लिए एक नया सुरक्षा फीचर 'लॉकडाउन मोड' पेश किया है। यह फीचर खासतौर पर उन उपयोगकर्ताओं और संस्थानों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जो संवेदनशील और गोपनीय जानकारी के साथ काम करते हैं। कंपनी का दावा है कि यह मोड डेटा चोरी और प्रॉम्प्ट इंजेक्शन जैसे साइबर हमलों के खतरे को काफी हद तक कम करने में मदद करेगा।

ओपनएआई के अनुसार, एआई सिस्टम्स के बढ़ते उपयोग के साथ प्रॉम्प्ट इंजेक्शन हमले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे हमलों में हैकर्स वेबसाइट, ई-मेल, दस्तावेज या अन्य डिजिटल कंटेंट में छिपे निर्देशों के जरिए एआई मॉडल को भ्रमित करने की कोशिश करते हैं, जिससे गोपनीय जानकारी लीक होने का खतरा पैदा हो जाता है। नया लॉकडाउन मोड इसी जोखिम को कम करने के उद्देश्य से विकसित किया गया है।

**क्या है लॉकडाउन मोड?**




लॉकडाउन मोड सक्रिय होने पर चैटजीपीटी की इंटरनेट और बाहरी सेवाओं तक पहुंच काफी सीमित हो जाती है। इससे किसी संभावित हमलावर के लिए संवेदनशील डेटा तक पहुंच बनाना मुश्किल हो जाता है। हालांकि ओपनएआई ने स्पष्ट किया है कि यह फीचर प्रॉम्प्ट इंजेक्शन हमलों को पूरी तरह समाप्त नहीं करता, लेकिन डेटा के अनधिकृत ट्रांसफर की संभावना को काफी कम कर देता है।

**इन सुविधाओं पर लगेगी रोक**

लॉकडाउन मोड ऑन होने के बाद चैटजीपीटी के कई लोकप्रिय फीचर्स सीमित या निष्क्रिय हो जाएंगे। लाइव वेब ब्राउजिंग केवल पहले से कैश किए गए कंटेंट तक सीमित रहेगी, जिससे हर समय ताजा जानकारी उपलब्ध नहीं हो पाएगी। इसके अलावा डीप रिसर्च और एजेंट मोड पूरी तरह बंद हो जाएंगे। कैनवस में तैयार किया गया कोड इंटरनेट एक्सेस नहीं कर सकेगा और बाहरी फाइल डाउनलोड करने की सुविधा भी उपलब्ध नहीं रहेगी।

फाइनेंस और शॉपिंग से जुड़े इंटीग्रेटेड एजेंट फीचर्स भी बंद हो जाएंगे। वहीं सामान्य चैट में इमेज दिखाने और इमेज जनरेशन की सुविधा का उपयोग भी नहीं किया जा सकेगा। हालांकि मेमोरी, फाइल अपलोड, चैट शेयरिंग और मॉडल ट्रेनिंग संबंधी सेटिंग्स पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

ओपनएआई ने बताया कि लॉकडाउन मोड को चैटजीपीटी फ्री, गो, प्लस, प्रो और सेल्फ-सर्व बिजनेस अकाउंट्स के लिए चरणबद्ध तरीके से जारी किया जा रहा है। फीचर उपलब्ध होने के बाद उपयोगकर्ता चैटजीपीटी ऐप या वेबसाइट की सेटिंग्स में जाकर सिक्योरिटी सेक्शन खोल सकते हैं। यहां 'एडवांस्ड सिक्योरिटी' विकल्प के अंतर्गत लॉकडाउन मोड दिखाई देगा, जिसे एक क्लिक या टैप के जरिए सक्रिय किया जा सकता है। कंपनी का कहना है कि यह फीचर सभी उपयोगकर्ताओं के लिए जरूरी नहीं है, लेकिन पत्रकारों, शोधकर्ताओं, कॉर्पोरेट पेशेवरों, सरकारी संस्थानों और संवेदनशील डेटा संभालने वाले संगठनों के लिए यह सुरक्षा की एक महत्वपूर्ण अतिरिक्त परत साबित हो सकता है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## सात-सूत्री अपील

सवा दो महीनों तक आर्थिक मजबूती का गैर-जरूरी दिखावा करने के बाद आखिरकार अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिस्थितियों का मुकाबला करने के लिए सात-सूत्री अपील भारतवासियों से की है। तो आखिर ये नौबत आ पहुंची। प्रधानमंत्री को डॉलर और तेल-गैस बचाने के लिए आम नागरिकों से अपील करनी पड़ी है। सवा दो महीनों तक आर्थिक मजबूती का गैर-जरूरी दिखावा करने (मुमकिन है जारी चुनाव के कारण किया गया हो) के बाद अब नरेंद्र मोदी ने चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिस्थितियों का मुकाबला करने के लिए सात-सूत्री अपील भारतवासियों से की है। कहा है कि ऊर्जा बचाने के लिए उन्हें वर्क फ्रॉम होम को तरजीह देनी चाहिए, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग कर पेट्रोल-डीजल की खपत घटानी चाहिए, और रसोई ईंधन के इस्तेमाल में कटौती करनी चाहिए। विदेशी मुद्रा खर्च ना हो, इसके लिए साल भर उन्हें सोना नहीं खरीदना चाहिए, स्वदेशी उत्पादों का ज्यादा इस्तेमाल करना चाहिए, और विदेश यात्रा से बचना चाहिए। साथ ही रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल घटाने के लिए कुदरती खेती की ओर जाना चाहिए। ये बातें ऊर्जा, डॉलर, और उर्वरकों की संभावित किल्लत की ओर इशारा करती हैं। ईरान युद्ध ने विश्व ऊर्जा बाजार के स्वरूप को फिलहाल बदल दिया है। इसकी मार उन तमाम देशों पर पड़ी है, जिनके पास अपना ऊर्जा स्रोत नहीं है और अच्छे दौर में रणनीतिक भंडार बना लेने की बात जिनके दिमाग में नहीं आई। फिलहाल, बाजार में कच्चा तेल उपलब्ध है, लेकिन उसके लिए (फरवरी की तुलना में) सवा से डेढ़ गुनी ज्यादा कीमत चुकानी पड़ रही है। इससे विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव तेजी से बढ़ा है। इसी बीच विदेशी निवेशकों की भारत से पैसा निकालने के तेज होती गई रफ्तार और रुपये की कीमत में आई भारी गिरावट ने संकट और बढ़ा दिया है। उधर पश्चिम एशिया से घटे आयात के कारण उर्वरक में इस्तेमाल होने वाले केमिकल्स का अभाव हो गया है, जिससे खाद्य संकट की आशंकाएं गहराई हैँ। ऐसे में कई देश पहले ही ऊर्जा एवं डॉलर बचाने के उपाय अपना चुके हैं। मगर भारत में बात तब शुरू हुई है, जब पानी सिर तक पहुंच गया है। तब भी बात सिर्फ नागरिकों तक है। जो भारतीय कंपनियां अरबों डॉलर का अमेरिका में कर रही हैं, उनमें देशभक्ति की भावना जगाने का आह्वान अभी नहीं किया गया है।

# “जंतर-मंतर का प्रदर्शन कॉकरोच से निकले कितने सांकेतिक संदेश?”

**राजीव खंडेलवाल**

“ भूमिका ”।

राजनीति में कभी-कभी एक छोटी-सी “चिंगारी” भी दूर तक “रोशनी” फैला देती है। “कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी)” का उदय ऐसा ही एक घटनाक्रम प्रतीत होता है।

15 में 2026 को सुप्रीम कोर्ट में एक प्रकरण की सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत की एक विवादास्पद मौखिक टिप्पणी जिसमें कुछ बेरोजगार युवाओं को “कॉकरोच” कहा गया था, के जवाब मेंअभिजीत दिपके द्वारा शुरू किया गया यह “व्यंग्यात्मक राजनीतिक आंदोलन” कुछ ही दिनों में सोशल मीडिया की सीमाएँ लांघकर दिल्ली के जंतर-मंतर तक पहुँच गया। जिस “कॉकरोच” शब्द का प्रयोग कथित रूप से अपमान के लिए हुआ, उसी को प्रतीक बनाकर सकारात्मक प्रतिरोध का माध्यम बनाना अपने आप में एक नया राजनीतिक प्रयोग है। मानो यह कहने का प्रयास हो कि “लोहा लोहे को काटता है”।

“ जंतर-मंतर: केवल प्रदर्शन नहीं, अनेक संकेत ?”

लंबे समय बाद अन्ना आंदोलन के बाद जंतर-मंतर फिर राष्ट्रीय चर्चा का केंद्र बना। संयोग देखिए, “जंतर-मंतर” का अर्थ आकाशीय गतिविधियों को मापने के उपकरणों से है। इस बार जंतर-मंतर के प्रदर्शन के माध्यम से देश की राजनीति के तापमान को सांकेतिक रूप से मापने का प्रयास करते हैं। मात्र बीस दिनों में “ऑनलाइन” अभियान का ऑफलाइन प्रदर्शन में बदल जाना अपने आप में साहसिक सफल कदम होकर “अध्ययन” का विषय है।

12 संकेत, जो नजरअंदाज नहीं किये सकते हैं___

“ पहला: संख्या कम, संदेश बड़ा”

पुलिस कर्मियों और युटयुबर्स की तुलना में प्रदर्शनकारियों की संख्या अपेक्षाकृत कम थी। आलोचकों के अनुसार 2.90 करोड़ ऑनलाइन समर्थकों वाली पार्टी के कार्यक्रम में केवल कुछ हजार लोग ही पहुँचे? जेएनयू विश्वविद्यालय की अध्यक्षता के अनुसार लगभग 5000। “ऑनलाइन से ऑफलाइन” आने में “चमक की दमक” कम होना तो स्वाभाविक ही है। यद्यपि किसी भी आंदोलन में संख्या का महत्व है, मगर इतिहास गवाह है, कई बार



छोटी संख्या भी बड़ा संदेश दे जाती है।

“ दूसरा: प्रशासन का असाधारण, अप्रत्याशित व्यवहार ।”

अभिजीत दिपके का रेड कारपेट स्वागत, आवेदन के बिना प्रदर्शन की अनुमति और प्रशासनिक व्यवहार को समर्थक लोकतांत्रिक उदारता मान रहे हैं, तो आलोचक इसके पीछे राजनीतिक अर्थ पर्दे के पीछे पटकथा तलाश रहे हैं। सवाल वह क्या यह आंदोलन स्वत:स्फूर्त है या किसी राजनीतिक रणनीति का हिस्सा होकर “अन्ना आंदोलन” 2.0 जैसा प्रायोजित प्रयोग”?

“तीसरा: पूर्णत: शांतिपूर्ण स्वरूप।

आज के दौर में जब छोटी घटनाएँ भी हिंसक मोड़ ले लेती हैं, तब यह प्रदर्शन एक-दो उकसावे के बावजूद पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा।

“ *चौथा: हाथ में संविधान की प्रति! ”

अभिजीत दिपके का संविधान की प्रति लेकर पहुँचना अनेक राजनीतिक संदेश देता है। पिछले कुछ वर्षों में “संविधान की किताब” विपक्षी राजनीति खासकर राहुल गांधी की राजनीति का एक प्रमुख हथियार बन चुका है। स्वाभाविक रूप से यह प्रश्न उठता है कि क्या राहुल गांधी से अभिजीत अभिप्रेरित है?

“ पाँचवां: सांप्रदायिकता से ऊपर”।

“हिंदू-मुस्लिम राजनीति बंद करो” जैसे नारों ने संकेत दिया कि युवा वर्ग रोजगार और परीक्षा व्यवस्था जैसे मुद्दों को सांप्रदायिक विमर्श से ऊपर रखना चाहता है।

“छठा: मीडिया की बदलती भूमिका”।

अन्ना आंदोलन की सफलता का सबसे बड़ा हथियार मेंनस्ट्रीम मीडिया था। इसके विपरीत यह आंदोलन लगभग पूरी तरह सोशल मीडिया और यूट्यूब आधारित दिखाई दिया। गोदी मीडिया विरोधी नारे और मुख्यधारा मीडिया की लगभग अनुपस्थिति। मतलब अब आंदोलन टीवी स्टूडियो से नहीं, मोबाइल स्क्रीन से भी खड़े हो सकते हैं?

'सातवां: कांग्रेस की दुविधा ?

समाजवादी पार्टी, शिवसेना (उद्धव), एनसीपी (शरद) सोशल मीडिया में समर्थन के साथ देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगो के साथ लद्दाख के प्रसिद्ध जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक और सीपीआई (एमएल) के महामंत्री दीपंकर भट्टाचार्य एआईएसए की प्रत्यक्ष सक्रिय भागीदारी के साथ कांग्रेस का मौन, बेरुखी व सावधानी पूर्ण दूरी। यद्यपि कांग्रेस के किसी भी अधिकृत हैंडल्स से इस प्रदर्शन की आलोचना नहीं की गई है। पेपर लीक जैसा युवा मुद्दा को क्या विपक्ष को दलगत सीमाओं से ऊपर उठकर एकजुट समर्थन नहीं देना चाहिए? जैसा कि योगेंद्र यादव ने आव्हान भी किया है।

' आठवाँ: हर कोई भ्रमित ”।

कुछ लोग इसे भाजपा प्रायोजित बता रहे हैं, तो भाजपा सहित इसे आम आदमी पार्टी की “बी टीम” कह रहे हैं। कुछ इसे विपक्ष की रणनीति मान रहे हैं। मतलब हर जगह भ्रम व अविश्वास की स्थिति। दरअसल आज भारतीय राजनीति ऐसी स्थिति में पहुँच गई है, जहाँ “दूध का जला (अन्ना आंदोलन) छाछ भी फूँक-फूँक कर पीता है”।

नौवां: क्या सोशल मीडिया नया जनादोलन बना सकता है ?

नामचीन, संगठन, पारंपरिक नेतृत्व और बड़े राजनीतिक ढाँचे के बिना क्या कोई आंदोलन खड़ा हो सकता है? प्रसिद्ध पत्रकार प्रभु चावला जैसे कुछ युटयुबर्स, इस आंदोलन का कोई बड़ा संज्ञान लेने को इसलिए तैयार नहीं है कि मुद्दा बहुत छोटा सा है, न कोई बड़ा नाम है, न कोई बड़ा नारा है, जैसा “अन्ना आंदोलन” के समय। उसके पीछे विवेकानंद फाउंडेशन और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का संस्थागत समर्थन समर्थन था, में भी मुद्दा मात्र “लोकपाल” का था, जो भ्रष्टाचार से जुड़ा था। जबकि यहां भी मुद्दा पेपर लीकेज का है, जो भ्रष्टाचार से जुड़ा हुआ है। गुजरात के मुख्यमंत्री चिमन भाई पटेल के विरुद्ध महंगाई व भ्रष्टाचार को लेकर प्रारंभ किया गया नवनिर्माण आंदोलन जो अंतत: जेपी के हाथों जाकर “संपूर्ण क्रांति” में बदल गयाय में प्रारंभ में कौन नामी-गिरामी नेता थे? गुजरात का ही पाटीदार आंदोलन, महाराष्ट्र का आरक्षण आंदोलन जैसे अनेक आंदोलन हुए जो अनजान चेहरों द्वारा प्रारंभ किए गए और सरकार को उनके सामने झुकना पड़ा।

दसवाँ : क्या हमारी हर बात पर संदेह करने की नुक्ताचीनी निकालने की आदत सी बन गई है?

ग्यारहवां: यदि प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिलती, क्या तब भी गिरफ्तारी, लाठी चार्ज के ड़र से इतने ही युवा इकट्ठे होते?

“ जन आंदोलन से निकली पांच प्रमुख पार्टियां ?”

भारतीय राजनीति में अनेक दल जन आंदोलनों से निकले हैं। कांग्रेस (1927) स्वतंत्रता आंदोलन से, डीएमके, (1949) द्रविड़ आंदोलन से, जनता पार्टी,(1974) संपूर्ण क्रांति से, असम गण परिषद, (1989), छात्र आंदोलन से और आम आदमी पार्टी, (2012) अन्ना आंदोलन से निकली। “

आप व असम गण परिषद” के सत्ता में दो-दो बार बैठने के बावजूद आज उनकी स्थिति क्या है? दोनों के “संस्थापक” तक चुनाव हार चुके हैं।

## लोकतंत्र वैचारिक स्वतंत्रता का वास्तविक स्वरूप

लोकतंत्र केवल शासन प्रणाली नहीं, बल्कि नागरिकों और समाज की स्वतंत्र अभिव्यक्ति का जीवंत मंच है। किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसकी सेना या अर्थव्यवस्था से पहले उसके विचारों की स्वतंत्रता और सामाजिक चेतना में निहित होती है। जब नागरिक बिना भय के सोच सकते हैं, बोल सकते हैं और अपने विचार साझा कर सकते हैं, तभी एक सशक्त, प्रगतिशील और जीवंत लोकतंत्र का निर्माण होता है। हर देश में ऐसे चिंतनशील व्यक्तियों और समूहों का होना आवश्यक है, जो राष्ट्रहित, लोकतांत्रिक मूल्यों और विकास के सिद्धांतों को नई ऊर्जा प्रदान करें। संस्कृति, संस्कार और वैचारिक परिपक्वता के बिना कोई भी राष्ट्र वैश्विक मंच पर स्थायी प्रगति नहीं कर सकता। विचार केवल शब्द नहीं होते, वे समाज की दिशा और दशा तय करने वाली शक्तियाँ होते हैं। व्यक्तिगत वैचारिक अभिव्यक्ति भारत जैसे गणतांत्रिक देश की मूल आत्मा है। विचार और सिद्धांत मनुष्य की अंत:प्रज्ञा का प्रतिबिंब होते हैं। यदि इन विचारों के प्रवाह को रोका जाए, तो यह केवल अभिव्यक्ति का दमन नहीं, बल्कि व्यक्ति की अंतरात्मा को आहत करना होता है। इतिहास साक्षी है कि जब भी विचारों को दबाने का प्रयास हुआ, उन्होंने और अधिक तीव्र होकर समाज में परिवर्तन की लहर पैदा की। प्राचीन यूनान के महान दार्शनिक सुकरात इसका सजीव उदाहरण हैं। साधारण रूप-रंग के बावजूद उनके विचारों में अद्भुत मौलिकता और जनजागरण की शक्ति थी। राजसत्ता ने उनके विचारों को खतरा मानकर उन्हें मृत्युदंड दे दिया, परंतु विष का प्याला पीने के बाद भी उनके विचार अमर हो गए। आज भी उनकी शिक्षाएं मानवता को दिशा प्रदान करती हैं। इसी प्रकार अब्राहम लिंकन ने दास प्रथा के विरुद्ध जो विचार प्रस्तुत किए, वे उस समय अत्यंत क्रांतिकारी थे। उन्होंने कहा कि दास भी मनुष्य हैं और उन्हें समान अधिकार मिलना चाहिए। उनके इन विचारों ने समाज की अंतरात्मा को झकझोर दिया। यद्यपि उन्हें अपनी जान गंवानी पड़ी, पर उनके विचारों ने दास प्रथा के अंत की नींव रखी और मानवाधिकारों की नई परिभाषा गढ़ी।

# विशेष लेखःग्रामीण भारत में जल शासनः “सहभागी जल बजटिंग के जरिए समुदायों का सशक्तीकरण”

भारत में जल संकट केवल संसाधनों की कमी का प्रश्न नहीं रह गया है, बल्कि यह कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, जलवायु अनुकूलन और सतत विकास से जुड़ी एक गंभीर चुनौती बन चुका है। बढ़ती जनसंख्या, असमान वर्षा वितरण, भूजल दोहन और जलवायु परिवर्तन ने ग्रामीण क्षेत्रों में जल प्रबंधन को और अधिक जटिल बना दिया है। ऐसे समय में जल बजटिंग एक प्रभावी और सहभागी समाधान के रूप में उभरकर सामने आई है, जो समुदायों को जल संसाधनों के वैज्ञानिक और संतुलित उपयोग के लिए सक्षम बना रही है।

जल शक्ति मंत्रालय और विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा संचालित पहलें यह दर्शाती हैं कि यदि स्थानीय समुदायों को जल प्रबंधन में सहभागी बनाया जाए तो जल संकट का दीर्घकालिक समाधान संभव है। अटल भूजल योजना, राष्ट्रीय जल मिशन, जलयुक्त शिवर अभियान और राजस्थान का मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान इसके सफल उदाहरण हैं।

जल संसाधनों पर बढ़ता दबाव

केंद्रीय जल आयोग के अध्ययन के अनुसार भारत में औसतन प्रतिवर्ष लगभग 3880 अरब घन मीटर वर्षा होती है। प्राकृतिक क्षति और वाष्पीकरण के बाद देश में औसत वार्षिक जल उपलब्धता लगभग 1999 अरब घन मीटर आंकी गई है। हालांकि, बढ़ती आबादी के कारण प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता लगातार घट रही है।

विश्व की लगभग 17.5 प्रतिशत आबादी और 11.6 प्रतिशत पशुधन भारत में है, जबकि जल संसाधन सीमित हैं। ग्रामीण भारत में उपलब्ध जल का लगभग 80 से 90 प्रतिशत हिस्सा कृषि में उपयोग होता है। ऐसे में भूजल स्तर में गिरावट और जल संकट की स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है।

क्या है जल बजटिंग

जल बजटिंग का अर्थ किसी गांव, ब्लॉक, जलग्रहण क्षेत्र या जिले में उपलब्ध जल और उसकी मांग का वैज्ञानिक आकलन करना है। इसमें वर्षा, भूजल पुनर्भरण, सतही जल, बहाव, वाष्पीकरण और विभिन्न उपयोगों की जल मांग को शामिल किया जाता है।

यह प्रक्रिया केवल गणना तक सीमित नहीं है, बल्कि जल के स्रोतों, मौसमी बदलावों और मानव गतिविधियों के प्रभाव को समझने का माध्यम भी है। इसके आधार पर कृषि, घरेलू उपयोग, पशुपालन और अन्य गतिविधियों के लिए संतुलित जल आवंटन संभव हो पाता है।

कृषि और पशुपालन में सहायक

राष्ट्रीय एकीकृत जल संसाधन विकास आयोग के अनुसार वर्ष 2050 तक सिंचाई के लिए पानी की मांग 807 बिलियन क्यूबिक मीटर तक पहुंच सकती है। ऐसे में जल बजटिंग किसानों को स्थानीय जल उपलब्धता के अनुरूप फसल चयन और सिंचाई पद्धति अपनाने में मदद करती है।

नाबार्ड समर्थित पहलों से यह स्पष्ट हुआ है कि जल उपलब्धता के अनुसार फसल योजना बनाने से जोखिम कम होता है और उत्पादकता बढ़ती है। ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई, मल्चिंग और फसल विविधीकरण जैसी तकनीकों को बढ़ावा देकर जल उपयोग दक्षता में सुधार लाया जा रहा है।

भारत में पशुधन की संख्या भी तेजी से बढ़ी है। वर्ष 2019 की पशुधन गणना के अनुसार पशुओं की संख्या बढ़कर लगभग 53.6 करोड़ हो गई। इससे पशुओं के लिए पानी और चारे की मांग भी बढ़ी है। जल बजटिंग इन आवश्यकताओं को भी ध्यान में रखकर समग्र जल प्रबंधन सुनिश्चित करती है।

अटल भूजल योजना से बदली तस्वीर

वर्ष 2019 में शुरू की गई अटल भूजल योजना भूजल संकट वाले सात राज्यों के 229 ब्लॉकों में लागू की गई। इस योजना के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर जल बजट तैयार किए जा रहे हैं और स्थानीय समुदायों को जल संरक्षण गतिविधियों से जोड़ा गया है।

मार्च 2026 तक लगभग 81,700 जल संरक्षण और पुनर्भरण संरचनाओं का निर्माण या जीर्णोद्धार किया जा चुका है। योजना के तहत 8,203 जल बजट तैयार किए गए हैं। इसके साथ ही 1.25 लाख से अधिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक बनाया गया है।

इन प्रयासों के परिणामस्वरूप 229 में से 180 ब्लॉकों में भूजल स्तर में सुधार दर्ज किया गया है। यह दर्शाता है कि सहभागी जल प्रबंधन किस प्रकार सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है।

हिवरे बाजार बना प्रेरणा मॉडल

हिवरे बाज़ार गांव आज देश में सामुदायिक जल प्रबंधन का सफल उदाहरण बन चुका है। कभी सूखे और जल संकट से जूझने वाला यह गांव अब जल आत्मनिर्भरता की मिसाल बन गया है।

ग्राम सभा स्तर पर वार्षिक जल बजट तैयार कर किसानों को उपलब्ध पानी के अनुसार फसल चयन के लिए प्रेरित किया गया। भूजल के अत्यधिक दोहन को रोकने के लिए गहरे बोरवेल पर प्रतिबंध लगाया गया। वर्षा जल संचयन और जलग्रहण विकास जैसे उपायों ने गांव की तस्वीर बदल दी।

इस मॉडल से प्रेरित होकर महाराष्ट्र सरकार ने अपनी सूखा-रोधी रणनीति में जल बजटिंग को शामिल किया है और हर वर्ष हजारों गांवों को जल सुरक्षित बनाने का लक्ष्य रखा है।

महिलाओं की बढ़ती भागीदारी

राष्ट्रीय जल मिशन के अंतर्गत नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान महिलाओं को जल संरक्षण और प्रबंधन में सक्रिय भूमिका दे रहा है। स्वयं सहायता समूहों और ग्राम जल समितियों के माध्यम से महिलाएं जल शासन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन रही हैं।

उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जिले में जल जीवन मिशन के तहत 1,600 से अधिक महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया है। महिला नेतृत्व वाली समितियां गांवों में जल संरक्षण और स्वच्छता अभियान चला रही हैं।




मेष राशि- आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। कृषकों के लिए दिन बेहतर रहेगा। कृषि कार्यों में प्रगति होगी आज अगर नया काम शुरू करना चाहते हैं तो आपको सफलता जरूर मिलेगी। प्रतियोगी क्षेत्र में आपको आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। साथ ही अपनी तैयारी जारी रखनी चाहिए।

वृष राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज ऑफिस में आपके प्रमोशन होने की खुशखबरी मिलेगी। आज घर वालों के साथ खुशी का माहौल बना रहेगा। आज किसी बात पर अधिक गौर न करें अन्यथा आपको उलझने होंगी।

मिथुन राशि- आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभायेंगे। आज परिवार के लोग आपकी सराहना करेंगे। राजकीय क्षेत्र में लोगों के साथ बेहतर तालमेल बना कर रखें। लोग आपका समर्थन करेंगे। लवमेट की पहले से चली आ रही अनबन आज ख़त्म होगी। एक दूसरे को और बेहतर समझेंगे।

कर्क राशि- आज आपके लिए दिन लाभदायक रहेगा। आज बड़ों की राय मानना आपके लिए बेहतर साबित हो सकता है। कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों की मेहनत जल्द रंग लाएगी। इस राशि के इलेक्ट्रीशियन के कारोबारियों को व्यापार में अधिक लाभ मिलेगा। सामाजिक क्षेत्र में आपका मान सम्मान बढ़ेगा। लोग आपके सज्जन स्वभाव की तारीफ करेंगे।

सिंह राशि- आज आपका दिन अच्छा गुजरने वाला है। इस राशि के एमटेक के छात्र किसी टॉपिक में उलझ सकते हैं, बेहतर रहेगा आप किसी से राय ले लें। आज आपके मन में शुभ विचारों का उदय होगा।

कन्या राशि- आज आपका दिन मिला- जुला रहेगा। आज अनावश्यक विवाद करने से बचें आपकी उलझने बढ़ सकती हैं। आज दोस्तों का भरपूर सहयोग आपको मिलेगा। आज कार्य क्षेत्र में कुछ नए लोगों से मुलाकात हो सकती है। उनसे महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी।

तुला राशि- आज आपका दिन अच्छा जाने वाला है। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों की सैलरी में इंक्रीमेंट होगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज पारिवारिक सुख समृद्धि में वृद्धि होगी।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आपके मनोबल में वृद्धि होगी। कार्य क्षेत्र में आपकी मेहनत सफलता दिलाएगी। व्यापार में उतार-चढ़ाव से आज आपको राहत मिलेगी। आज आपकी सेल्स में बढ़ोतरी होगी। दोस्तों के साथ आज छोटी मोटी पार्टी का आयोजन कर सकते हैं। आपके स्वभाव में सकारात्मक परिवर्तन आयेगा।

धनु राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। सामाजिक कार्यों में रुचि लेने वाले लोगों को सम्मानित किया जायेगा। पारिवारिक सुख समृद्धि बढ़ेगा। स्वजनों से लगाव बना रहेगा। आपका आर्थिक पक्ष पहले से अधिक मजबूत बनेगा। घर बनवा रहे लोगों का काम तेजी से आगे बढ़ेगा।

मकर राशि- आज आपका दिन सकारात्मक ऊर्जा से भरा रहेगा। आज मनपसंद वाहन लेने की ओर आपका ध्यान आकर्षित होगा। बेटी का किसी मनचाहे फील्ड में सिलेक्शन होने के योग बन रहे हैं। आज जल्दबाजी के चक्कर में काम गलत हो सकता है, ध्यान से काम करने की आवश्यकता है। आपकी जीवनशैली में पहले से अनुकूल परिवर्तन आयेगा।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहेगा। राजनीति में आज आपके कार्यभार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है। आज बड़ों की बात ध्यान से सुनें, बात को बीच में न काटे। इस राशि के लवमेट शाम को शॉपिंग पर जायेंगे।

मीन राशि- आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज सबके प्रति स्नेह पूर्वक रहे। आज समझदारी से बातों को समझेंगे। आज आपके लिए आय के नए मार्ग प्रदर्शित होंगे। विद्यार्थियों की आज लेखन कार्य में रुचि बढ़ेगी। आप किसी प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं।

# पीएम स्वनिधिः गुज़ारे से आत्मनिर्भरता की ओर

पीएम स्वनिधि भारत की अनाधिकारिक शहरी अर्थव्यवस्था में काम करने वाले आपूर्तिकर्ताओं को सहायता देने वाली एक बड़ी पहल के तौर पर उभरी है। बिना किसी गारंटी के ऋण देने के अलावा, इस योजना ने डिजिटल तरीकों को अपनाने को बढ़ावा दिया है, संस्थागत ऋण तक पहुंच को बेहतर बनाया है और सामाजिक सुरक्षा के दायरे को बढ़ाया है। वर्ष 2020 में शुरू होने के बाद से, अब तक 1.12 करोड़ से ज़्यादा ऋण वितरित किए जा चुके हैं। इस पहल से शहरों और कस्बों में 75 लाख से ज़्यादा लाभार्थियों को फ़ायदा हुआ है। इस योजना के तहत 17,800 करोड़ रुपये से ज़्यादा के ऋण दिए गए हैं। इसका असर न सिर्फ़ सरकारी आंकड़ों में दिखता है, बल्कि उन लोगों की रोज़मर्रा की ज़िंदगी में भी नज़र आता है जो अपनी आजीविका को ज़्यादा मज़बूत और टिकाऊ बना रहे हैं।

भारत के रेहड़ी-पटरी वालों की बदलती कहानी

किसी भीड़भाड़ वाले बाज़ार में सब्ज़ी बेचने वाला और किसी व्यस्त दफ़्तर के बाहर चाय बेचने वाला—ये भारतीय शहरों में आम नज़ारे हैं। गलियों में घूमकर फल बेचने वाला और सड़क के किनारे फुटपाथ पर जूते ठीक करने वाला मोची भी रोज़मर्रा की शहरी ज़िंदगी के लिए उतने ही ज़रूरी हैं। ये लाखों रेहड़ी-पटरी वाले मिलकर हर दिन भारत की शहरी अर्थव्यवस्था को चलाते रहते हैं। वे स्थानीय बाज़ारों और आस-पड़ोस की आपूर्ति श्रृंखला को बनाए रखते हुए किफ़ायती सामान और ज़रूरी सेवाएं देते हैं। हालांकि, औपचारिक ऋण तक उनकी पहुंच बहुत कम थी, जिसकी वजह से कई विक्रेताओं को बहुत ज़्यादा ब्याज दरों पर अनौपचारिक ऋण पर निर्भर रहना पड़ता था। उनकी इन मुश्किलों को दूर करने के लिए, जून 2020 में प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना शुरू की गई। यह अपनी तरह की पहली सूक्ष्म वित्त (माइक्रो-क्रेडिट) पहल थी, जो रेहड़ी-पटरी वालों पर केंद्रित थी और जिसे सरकार की क्रेडिट गारंटी का सहारा मिला हुआ था। इस योजना का मकसद रेहड़ी-पटरी वालों को स्वरोज़गार, स्वावलंबन और स्वाभिमान देना था। आज, पीएम स्वनिधि सिर्फ़ एक ऋण देने वाली सामान्य योजना से कहीं आगे बढ़कर एक देशव्यापी आंदोलन बन गई है, जो भारत की अनौपचारिक अर्थव्यवस्था में काम करने वाले लाखों लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, डिजिटल दुनिया से जोड़ने और सामाजिक सुरक्षा देने का काम कर रही है।

पिछले कुछ वर्षों में, इस योजना ने देश भर के शहरों और कस्बों में ज़बरदस्त तरक्की की है। 75.5 लाख से ज़्यादा लाभार्थियों ने 1.12 करोड़ से ज़्यादा ऋण लिए हैं, जिनकी कुल रकम 17,800 करोड़ रुपये से ज़्यादा है। इस योजना के तहत 55 लाख से ज़्यादा लाभार्थियों को डिजिटल माध्यम से जोड़ा गया है। एक साथ मिलकर, उन्होंने लगभग 8.96 लाख करोड़ रुपये के 841 करोड़ से ज़्यादा डिजिटल ट्रांज़ैक्शन किए हैं। पीएम स्वनिधि के तहत लाभार्थियों को डिजिटल कैशबैक प्रोत्साहन और ब्याज सब्सिडी के ज़रिए लगभग 800 करोड़ रुपये भी मिले हैं। इन मज़बूत उपलब्धियों और महसूस किए जाने वाले प्रभाव को देखते हुए, इस योजना को मार्च 2030 तक बढ़ा दिया गया है।

पीएम स्वनिधि योजना की मुख्य विशेषताएं

कार्यशील पूंजी ऋण: बिना किसी गारंटी के 15,000 रुपये, 25,000 रुपये और 50,000 रुपये के ऋण, ब्याज सब्सिडी और क्रेडिट गारंटी सहायता के साथ, तीन चरणों में दिए जाते हैं।

यूपीआई -लिंक्ड रुपे क्रेडिट कार्ड जो विक्रेता दूसरे चरण का ऋण सफलतापूर्वक चुका देते हैं, वे 30,000 रुपये तक की सीमा वाले यूपीआई -लिंक्ड रुपे क्रेडिट कार्ड के लिए पात्र होते हैं।

डिजिटल प्रक्रिया को अपनाना: डिजिटल प्रक्रिया को अपनाने और वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए, स्ट्रीट वेंडरों को खुदरा/थोक डिजिटल ट्रांज़ैक्शन के लिए 1,600 रुपये तक के कैशबैक प्रोत्साहन दिए जाते हैं।

स्वनिधि से समृद्धि (एसएसएस): लाभार्थियों और उनके परिवारों का सामाजिक-आर्थिक विश्लेषण किया जाता है, ताकि उन्हें आठ चुनी हुई केंद्रीय कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जा सके और एक व्यापक सामाजिक सुरक्षा जाल बनाया जा सके।

क्षमता निर्माण और उद्यमिता विकास: विक्रेताओं को एफएसएसएआई के सहयोग से वित्तीय साक्षरता, डिजिटल साक्षरता, और खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता में प्रशिक्षण दिया जाता है।

पीएम स्वनिधि योजना का असर

पीएम स्वनिधि का स्वतंत्र असर मूल्यांकन 2023 और 2025 में किया गया था। इन अध्ययनों में निम्नलिखित महत्वपूर्ण सुधार सामने आए:

आर्थिक सशक्तिकरण

इस योजना ने देश भर के विक्रेताओं के लिए व्यापार की स्थिरता को मज़बूत किया है और उनकी आमदनी में सुधार किया है। लगभग 95 प्रतिशत लाभार्थियों ने पीएम स्वनिधि के तहत पहली बार औपचारिक संस्थागत ऋण प्राप्त किया। लगभग 30 प्रतिशत लोगों ने बाद में स्वनिधि ऋणों के अलावा अतिरिक्त ऋण भी प्राप्त किया, जो उनकी बेहतर ऋण पात्रता और वित्तीय समावेशन को दर्शाता है। लाभार्थियों की आय में भी औसतन लगभग 20 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई।





## खेलते-खेलते बेहोश होकर गिरी 14 साल की बच्ची, हो गई मौत, हार्ट अटैक की आशंका



जामनगर (आरएनएस)। गुजरात के जामनगर से एक बेहद दुखद घटना सामने आई है। छुट्टियां बिताने अपने रिश्तेदारों के घर आई 14 वर्षीय बच्ची खेलते समय अचानक बेहोश होकर गिर गई। परिजन उसे तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टर उसे बचा नहीं सके। इस घटना के बाद परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है। माना जा रहा है कि बच्ची की मौत हार्ट अटैक से हुई है। जानकारी के अनुसार, जामनगर के चांदी बाजार क्षेत्र में रहने वाले अपने मामा के घर आई आनंदी मोदी नामक किशोरी एक रेस्टोरेंट में परिवार के साथ भोजन करने गई थी। भोजन के बाद वह अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी। इसी दौरान अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई और वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी।घटना के बाद परिजन आनन-फानन में बच्ची को नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। शुरुआती स्तर पर हृदय संबंधी समस्या या हार्ट अटैक की आशंका जताई जा रही है, हालांकि डॉक्टरों ने अभी मौत के वास्तविक कारण की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मेडिकल जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।बच्ची की असमय मौत से परिवार सदमे में है। स्थानीय लोगों ने भी घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है।पहले भी सामने आ चुका है ऐसा मामलागौरतलब है कि पिछले महीने जामनगर में ही एक युवक के अचानक बेहोश होकर गिरने का मामला चर्चा में आया था। युवक काम के दौरान असहज महसूस करने के बाद अचानक जमीन पर गिर पड़ा था। आसपास मौजूद लोगों ने उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया था। उस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।विशेषज्ञों का कहना है कि कम उम्र के लोगों में अचानक स्वास्थ्य संबंधी गंभीर घटनाओं के मामलों में मेडिकल जांच बेहद महत्वपूर्ण होती है और किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले आधिकारिक रिपोर्ट का इंतजार किया जाना चाहिए। फिलहाल पुलिस और स्वास्थ्य विभाग घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रहे हैं।

## फगवाड़ा में तेज रफ्तार कार पलटी, बस का इंतजार कर रही महिला समेत तीन घायल; महिला की हालत गंभीर

फगवाड़ा ,(आरएनएस)। पंजाब में फगवाड़ा के अर्बन एस्टेट पुल के निकट एक तेज रफ्तार कार के अनियंत्रित होकर पलट जाने से बस का इंतजार कर रही एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों में सड़क किनारे खड़ी महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्घटना उस समय हुई जब एक कार फगवाड़ा से दोराहा की ओर जा रही थी। अर्बन एस्टेट पुल पर चढ़ते समय कार चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा। अनियंत्रित कार पहले सड़क किनारे लगे बैरिकेड से टकराई और फिर उस स्थान की ओर मुड़ गई जहां यात्री सार्वजनिक परिवहन का इंतजार कर रहे थे।इसी दौरान कार ने बस स्टॉप पर खड़ी एक महिला को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। टक्कर के बाद कार सड़क पर पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि कार के कई हिस्से टूटकर घटनास्थल पर बिखर गए और वाहन को भारी नुकसान पहुंचा।

### मुंबई के म्यूजिक कॉन्सर्ट में अचानक तड़पने लगा 28 साल का युवक, अस्पताल पहुंचने से पहले हुई मौत

मुंबई ,(आरएनएस)। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के वर्ली इलाके से एक बेहद दुखद और चौंकाने वाली खबर सामने आई है। यहां तड़के आयोजित एक हाई-प्रोफाइल इंटरनेशनल म्यूजिक इवेंट के दौरान एक 28 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इसी कार्यक्रम में शामिल हुई एक 31 वर्षीय महिला की भी तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसे आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना के बाद से ही सोशल मीडिया पर ड्रग्स के ओवरडोज को लेकर कयास लगाए जाने लगे, लेकिन मुंबई पुलिस ने शुरुआती जांच के बाद साफ किया है कि फिलहाल ड्रग्स के इस्तेमाल का कोई सबूत नहीं मिला है, हालांकि दोनों ने शराब का सेवन कर रखा था। पुलिस ने मामले की गहन तफ्तीश शुरू कर दी है।

# राम मंदिर में चढ़ावे के करोड़ों रुपए गायब, कोर्ट से स्वतः संज्ञान लेने का अनुरोध

### -सपा प्रमुख अखिलेश ने इस मामले में यूपी सरकार और मंदिर ट्रस्ट को घेरा

लखनऊ,(ए)। अयोध्या में राम मंदिर के चढ़ावे को लेकर उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक नया विवाद खड़ा हो गया है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने दावा किया है कि मंदिर के चढ़ावे में आए करोड़ों रुपए गायब हो गए हैं। इस मामले को लेकर उन्होंने सीधे योगी सरकार और मंदिर ट्रस्ट को घेरा है। यादव ने इस मामले में कोर्ट से स्वत: संज्ञान लेने का अनुरोध किया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सपा प्रमुख अखिलेश ने रविवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, समस्त विश्व में भगवान राम के उपासकों के लिए ये एक बेहद संवेदनशील समाचार है कि 'राम मंदिर' के चढ़ावे की करोड़ों की रकम गायब हो गई है। यादव ने पोस्ट में कहा, ये मंदिर ट्रस्ट के लिए अत्यंत शर्मनाक की बात है। कोई भी सफाई देने के लिए सामने नहीं आना चाहता। उन्होंने कहा कि कोर्ट से स्वत: संज्ञान लेने की मांग है क्योंकि इसका सीधा संबंध वैश्विक स्तर पर समस्त सनातनी समाज की प्रभु राम में गहरी आस्था से जुड़ा है। सरकार की चुप्पी संदिग्ध है।



वहीं श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि समय-समय पर आंतरिक ऑडिट होता रहता है। इस प्रक्रिया में ट्रस्ट और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि शामिल होते हैं। ऑडिट की प्रक्रिया कई दिनों तक चलती है। इन दिनों भी यही काम हो रहा है। अभी तक कोई खास बात सामने नहीं आई है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के न्यासी और निर्मोही अखाड़े के महंत दिनेन्द्र दास ने अखिलेश यादव के बयान पर कहा कि अगर इस मामले में किसी ने कुछ गलत किया है, तो भगवान राम स्वयं उन्हें दंडित करेंगे।

उन्होंने कहा कि अधिकारियों और सरकार द्वारा लिया गया कोई भी निर्णय ट्रस्ट को स्वीकार्य है। दास ने कहा कि अगर कोई गलती हुई है, तो वह सामने आ जाएगी। अगर कोई कुकर्म हुआ है, तो जिम्मेदार लोगों को उसके परिणाम भुगतने होंगे।

सपा प्रमुख ने मंदिर ट्रस्ट की ओर से चंपत राय के जवाब पर तंज कसते हुए कहा कि स्पष्टीकरण ही स्पष्ट नहीं है। यादव ने कहा लगता है ये इनके लिए हर हफ़्ते की साधारण बात है, और इतनी ज्यादा साधारण है कि ये इसे अब 'उल्लेखनीय' भी नहीं मानते हैं। चेहरे के भाव और देह की हताशा और निराशा से भरी है। अखिलेश ने चंपत राय के बयान पर असंतोष व्यक्त करते हुए इसी पोस्ट में कहा, '' ट्रस्ट के सभी सदस्यों को एक साथ बैठाकर स्पष्टीकरण दिया जाए और आंकड़ों के मिलान के लिए सीसीटीवी के साक्ष्य का सहारा लिया जाए। जैसे ही सारे ट्रस्टी एक साथ बैठेंगे तो सच बाहर आ जाएगा क्योंकि उनमें हर कोई एक जैसा नहीं है। इस हेराफेरी की शंका के केंद्र में जब कोई एक व्यक्ति विशेष है ही नहीं तो फिर किसी एक के स्पष्टीकरण का क्या महत्व है।

उन्होंने कहा कि ये भी स्पष्ट किया जाए कि 40 सेकंड का स्पष्टीकरण आने में इतने घंटे क्यों लगे और स्पष्टीकरण के नाम पर एक मिनट बोलना भी भारी क्यों पड़ रहा है। यूपी सरकार की चुप्पी की तरह ये सफ़ाई भी संदिग्ध है।

### झारखंड के गठन में भाजपा ने संघर्ष किया, अब राज्य के विकास पर काम कर रही पार्टी : नितिन नवीन

रांची ,(आरएनएस)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन झारखंड के दो दिवसीय संगठनात्मक दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि झारखंड के गठन में भारतीय जनता पार्टी ने संघर्ष किया और अहम भूमिका निभाई, और अब भाजपा राज्य के विकास और उसे मजबूत बनाने के लिए भी काम करेगी।



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि हमारी पार्टी के कार्यकर्ताओं में एक बार फिर उत्साह, ऊर्जा और उम्मीद का माहौल है। एक-एक कार्यकर्ता संकल्पित होकर भाजपा के कमल को फिर से झारखंड की भूमि पर मजबूती से खड़ा करने के लिए तैयार है।

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने नितिन नवीन के झारखंड दौरे पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता में उत्साह है। दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का आना बड़े ही गर्व की बात होती है। नितिन नवीन से पार्टी कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन मिला है। विकसित भारत 2047 पर हम काम कर रहे हैं। नितिन नवीन का यहां दो दिन का प्रवास था, निश्चित तौर पर पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल ऊंचा हुआ है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा कहते हैं, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का झारखंड दौरा बहुत उत्साहजनक और प्रेरणादायक रहा है। खासकर युवाओं को इससे काफी प्रेरणा मिली है। मेरा मानना है कि आने वाले समय में युवा झारखंड के भविष्य को बेहतर ढंग से संवारने में असाधारण योगदान देंगे।

## यूपी में फिर से बनने जा रही एनडीए की सरकार, जनता का है पूरा समर्थन : रामदास आठवले

वाराणसी (आरएनएस)। केंद्रीय मंत्री और रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आरपीआई-ए) के अध्यक्ष रामदास आठवले रविवार को वाराणसी पहुंचे। जहां उन्होंने आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा की अगुवाई वाले एनडीए की जीत का दावा किया।



केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने कहा कि उत्तर प्रदेश में एनडीए 403 सीटों में से 300 से अधिक सीटें जीतेगा। जनता को एनडीए के ऊपर पूरा विश्वास है, इसीलिए इसमें कोई दो राय नहीं है।

आठवले ने कहा, हम देखेंगे कि भाजपा हारती है या अखिलेश यादव और राहुल गांधी हारते हैं। यह समय ही बताएगा। अभी तक हमने देखा है कि पश्चिम बंगाल, असम और कई अन्य राज्यों में भाजपा सत्ता में आई है। जो लोग बोलते हैं, हम उनका मुंह बंद नहीं कर सकते। लेकिन हमें पूरा भरोसा है कि उत्तर प्रदेश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ है।

उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने कानून-व्यवस्था की खराब स्थिति को समाप्त किया है और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राज्य में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। एनडीए उत्तर प्रदेश में पहले से मजबूत है और भविष्य में भी मजबूत बना रहेगा।

आरपीआई-ए की रणनीति पर बात करते हुए आठवले ने बताया कि उनकी पार्टी उत्तर प्रदेश में संगठन का विस्तार कर रही है। वर्तमान में पार्टी की कमेटियां 62 जिलों में सक्रिय हैं और शेष 13 जिलों में भी संगठन बनाने का काम जोर-शोर से चल रहा है।




*कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की चेयरपर्सन और पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और अन्य नेताओं ने नई दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में इंडिया गठबंधन की बैठक के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।*

## लक्षद्वीप में 47 साल बाद होगी शराब की बिक्री, जानिए सरकार ने क्यों उठाया यह कदम

कावारत्ती,(आरएनएस)। मुस्लिम बहुल केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप में 47 सालों में पहली बार लाइसेंस प्राप्त दुकानों के माध्यम से शराब की बिक्री होगी। इसके पीछे कारण केंद्र सरकार द्वारा लक्षद्वीप निषेध विनियमन, 1979 को निरस्त करना है। इस कानून ने लागू होने के बाद से लक्षद्वीप को शराब से मुक्त रखा था। कवरत्ती और बंगाराम द्वीपों पर सरकारी बार और पर्यटक रिसॉर्ट्स के लिए शराब महज अपवाद रहे हैं।

सरकार ने लक्षद्वीप निषेध विनियमन, 1979 को 5 जून को जारी राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से निरस्त कर दिया है। उसकी जगह नया उत्पाद शुल्क विनियम, 2026 लागू किया जा रहा है। इसके तहत लाइसेंसिंग प्रणाली लागू की गई है, जिसके अंतर्गत शराब के निर्माण, कब्जे, आयात, निर्यात, परिवहन, खरीद, बिक्री और उपभोग को नियंत्रित किया जाएगा। सरकारी निगमों और एजेंसियों को भी शराब के आयात और खुदरा बिक्री के लिए लाइसेंस की अनुमति दी गई है।हालांकि, सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह पूरी तरह खुला शराब बाजार नहीं होगा। शराब से संबंधित टैक्स की दरें काफी अधिक रखी गई हैं। भारतीय निर्मित विदेशी शराब (आईएमएफएल) और विदेशी शराब पर उत्पाद शुल्क 400 प्रतिशत, बीयर पर 200 प्रतिशत और वाइन पर 80 प्रतिशत निर्धारित किया गया है। इससे वहां शराब खरीदना काफी महंगा होगा। बता दें कि दिल्ली में आईएमएफएल, बीयर, वाइन और आयातित विदेशी शराब पर 25 प्रतिशत ही वैट लगाया जाता है।नए कानून के तहत लक्षद्वीप पूरी तरह से शराब का बड़ा बाजार नहीं बनेगा। सरकार ने लक्षद्वीप के प्रशासक को व्यापक अधिकार दिए हैं।

# घर में अकेली रह रही युवती को 9 दरिंदों ने किया अगवा, नदी किनारे ले जाकर किया गैंगरेप

रांची(आरएनएस)। झारखंड की राजधानी रांची के मांडर थाना क्षेत्र अंतर्गत करगे गांव से इंसानियत को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। यहां रात 9 दरिंदों ने मिलकर एक युवती को उसके ही घर से जबरन अगवा कर लिया और करगे नदी के किनारे सुनसान स्थान पर ले जाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। इस रोंगटे खड़े कर देने वाले कांड को अंजाम देने के बाद शनिवार की सुबह सभी आरोपी पीड़िता को बदहवास हालत में नदी किनारे छोड़कर फरार हो गए। हालांकि, इस मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महज 8 घंटे के भीतर सभी 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और एक नाबालिग को भी निरुद्ध किया है।

प्रेमी गया था केरल, अकेली पाकर घर में घुसे दरिंदे

मिली जानकारी के अनुसार, मांडर थाना क्षेत्र की रहने वाली यह युवती पिछले लगभग 2 वर्षों से गांव के ही एक युवक के साथ लिव-इन-रिलेशनशिप में रह रही थी। करीब डेढ़ महीने पहले उसका पार्टनर काम की तलाश में झारखंड से बाहर केरल चला गया था, जिसके बाद से युवती घर में अकेली ही रह रही थी। इसी बात का फायदा उठाकर शुक्रवार की देर शाम गांव और उसके आसपास के रहने वाले 9 युवक जबरन उसके घर में घुस आए। आरोपी युवती को उसके घर से ही उठा ले गए और गांव के बाहर नदी के सुनसान किनारे पर ले जाकर बारी-बारी से उसके साथ दरिंदगी की।

बदहवास हालत में थाने पहुंची पीड़िता, एसएसपी ने बनाई स्पेशल टीम

शनिवार सुबह जब आरोपी उसे गंभीर हालत में छोड़कर भाग गए, तो पीड़िता ने किसी तरह हिम्मत जुटाई और मांडर थाना पहुंचकर अपने साथ हुई इस बर्बरता की लिखित शिकायत दर्ज कराई। गैंगरेप जैसी गंभीर वारदात की सूचना मिलते ही रांची के एसएसपी (SSP) ने तुरंत संज्ञान लिया और खलारी डीएसपी के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम (SIT) का गठन किया। इस टीम में मांडर, चान्हो, बुढ़मू और ठाकुरगांव थाने के भारी पुलिस बल को शामिल किया गया।



पुलिस ने विभिन्न तकनीकी पहलुओं, मोबाइल लोकेशन और पीड़िता द्वारा दिए गए हुलिए के आधार पर ताबड़तोड़ छापेमारी शुरू की।

8 घंटे में सभी आरोपी दबोचे, पुलिस ने जारी की नामजद लिस्ट

एसएसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले का खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 8 घंटे के अंदर घटना में शामिल सभी 8 बालिग आरोपियों को धर दबोचा है, जबकि एक कानून का उल्लंघन करने वाले नाबालिग को भी निरुद्ध किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान आयुष उरांव, पापड़ मुंडा उर्फ प्रकाश मंडा, रामलुस कुजूर, रंजीत उरांव, उमेश भगत, दीपक उरांव, राम उरांव और विकास उरांव के रूप में हुई है। पुलिस इन सभी के खिलाफ फास्ट ट्रैक कोर्ट में चार्जशीट दाखिल करने की तैयारी कर रही है ताकि पीड़िता को जल्द से जल्द न्याय मिल सके।

# मुंबई एयरपोर्ट पर डीआरआई का बड़ा एक्शन, 5 करोड़ के सोने के साथ 3 विदेशी नागरिकों समेत 6 लोगों को किया गिरफ्तार

मुंबई,(आरएनएस)। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (DRI) ने एक बड़े ऑपरेशन को अंजाम देते हुए अंतरराष्ट्रीय सोना तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ किया है। DRI की टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए तीन विदेशी नागरिकों समेत कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों के पास से करीब 5 करोड़ रुपये मूल्य का अवैध सोना बरामद किया गया है। पकड़े गए विदेशी नागरिकों में बांग्लादेश और श्रीलंका के नागरिक शामिल हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इस काले कारोबार में एयरपोर्ट के ही तीन स्टाफ कर्मी भी शामिल थे, जिन्हें हिरासत में ले लिया गया है। DRI को अंदेशा है कि इसके तार एक बहुत बड़े अंतरराष्ट्रीय स्मगलिंग नेटवर्क से जुड़े हुए हैं।बांग्लादेश और श्रीलंका से जुड़े हैं तार, एयरपोर्ट कर्मियों की मदद से चल रहा था खेल DRI को खुफिया सूत्रों से इनपुट मिला था कि मुंबई एयरपोर्ट के रास्ते बड़े पैमाने पर सोने की तस्करी की जा रही है। इस सूचना के आधार पर अधिकारियों ने जाल बिछाया और संदिग्धों को धर दबोचा। जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार किए गए विदेशी नागरिकों में से कुछ बांग्लादेशी और कुछ श्रीलंकाई मूल के हैं। ये तस्कर विदेशों से सोना छिपाकर भारत ला रहे थे। एयरपोर्ट पर कस्टम और सुरक्षा एजेंसियों की




नजरों से बचने के लिए इन्होंने एयरपोर्ट के ही तीन ग्राउंड स्टाफ कर्मियों को अपने साथ मिला रखा था। ये कर्मचारी मोटी रकम के बदले सोने की खेप को बिना चेकिंग के एयरपोर्ट से बाहर निकालने में तस्करों की मदद कर रहे थे।5 करोड़ का सोना जब्त, बड़ा इंटरनेशनल नेटवर्क खंगाल रही है DRI गिरफ्तार किए गए आरोपियों के पास से बरामद सोने को जब्त कर लिया गया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 5 करोड़ रुपये बताई जा रही है। DRI के वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक, एयरपोर्ट स्टाफ की मिलीभगत से चल रहा यह खेल काफी समय से सक्रिय था। पकड़े गए आरोपियों से कड़ी पूछताछ की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि इस रैकेट का मास्टरमाइंड कौन है और वे अब तक कितनी बार इस तरह से सोना पार करा चुके हैं।

### झारखंड से आमों का निर्यात शुरू, पहली खेप यूनाइटेड किंगडम भेजी गई

नई दिल्ली,(आरएनएस)। केंद्र सरकार लगातार किसानों की आय बढ़ाने के प्रयास कर रही है। इसी क्रम झारखंड राज्य के आमों का निर्यात शुरू किया गया है और पहली खेप को यूनाइटेड किंगडम भेजा गया है। यह जानकारी वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से दी गई। इसे स्थानीय सामान के विदेशों में जाने का शानदार उदाहरण बताते हुए केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि झारखंड के सिमडेगा की महिला किसान उत्पादक कंपनी द्वारा उगाए गए आम्रपाली आम यूनाइटेड किंगडम पहुंचने वाले हैं। एपीडा के निरंतर प्रयासों से किसानों को बेहतर मूल्य, महिलाओं को नई पहचान और भारत के कृषि निर्यात को नई गति मिल रही है।

### भागलपुर के विक्रमशिला सेतु पर बेली ब्रिज से परिचालन शुरू, लोगों को राहत

भागलपुर (आरएनएस)। बिहार के भागलपुर के विक्रमशिला सेतु पर फिर से वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई। फिलहाल छोटे वाहनों का परिचालन इस पल से प्रारंभ किया गया है। तीन मई की रात को पुल का एक स्लैब नदी में गिर गया था, जिसके बाद से इस सेतु पर वाहनों का आवागमन पूरी तरह ठप पड़ा था। शनिवार को जिला प्रशासन और विशेषज्ञों की देखरेख में यहां बनाए गए नए बेली ब्रिज का सुरक्षा ट्रायल पूरी तरह सफल रहा था।इसके बाद जिला अधिकारी और पथ निर्माण मंत्री कुमार शैलेन्द्र ने खुद मौके पर पहुंचकर स्थिति का मुआयना किया और परिचालन शुरू करने के लिए हरी झंडी दी थी। वर्तमान समय में इस सेतु पर ट्रक, बस, हाईवा के परिचालन की अनुमति नहीं मिली है। बेली ब्रिज का उद्घाटन करने के बाद पथ निर्माण मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आम लोगों से किया वादा पूरा किया। सीएम के प्रयास से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की परिषद ने बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन (बीआरओ) की टीम को यहां बेली ब्रिज का सेटअप तैयार करने के लिए भेजा। उन्होंने इसके लिए रक्षा मंत्री को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया कि ये बेली ब्रिज अत्यंत कम समय में तैयार किए गए हैं, जो देश में त्वरित एवं प्रभावी अवसंरचना निर्माण का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। इस मौके पर जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी सहित कई अधिकारी और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। परिचालन व्यवस्था शुरू होने से लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी।

# ईरान ने दागी बैलिस्टिक मिसाइल, इजराइल ने भी दिया जवाब



तेहरान/यरूशलम (ए.)। ईरान ने इजरायल पर सोमवार को अप्रैल की शुरुआत में हुए युद्धविराम के बाद अपना पहला मिसाइल हमला किया है। हमला लेबनान में बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर इजरायली हमले के जवाब में किया गया है। ईरान ने हमले की पुष्टि की है। इजरायल ने हमले को देखते हुए अपने पश्चिमी हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया है। इराक और सीरिया ने भी इजरायल की संभावित आक्रामकता के खिलाफ एहतियात के रूप में अपने हवाई क्षेत्रों को बंद किया है।

इजरायली सेना ने कहा कि उसने ईरान से दागी गई मिसाइलों को हवाई रक्षा प्रणालियों से नष्ट कर दिया है। सेना ने कई क्षेत्रों में सायरन बजाए हैं। इजरायली सेना ने एक्स पर कहा, इजरायली सेना ने ईरान से दागी गई मिसाइलों की पहचान की है। खतरे को रोकने के लिए रक्षा प्रणालियां सक्रिय हैं। वायु सेना ने अब तक सभी मिसाइलों को रोक दिया है। किसी के हताहत होने या नुकसान की कोई खबर नहीं है।

हमलों के बाद, ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने कहा कि उसने बैलिस्टिक मिसाइलों से इजरायल के रमात डेविड हवाई अड्डे को निशाना बनाया है। ईरान के खातम अल-अनबिया बलों के कमांडर ने कहा, इजरायली सेना को दक्षिणी लेबनान और उपनगरों पर अपने हमले बंद करने होंगे। यदि वह उस क्षेत्र पर अपने हमलों का विस्तार करती है या ईरानी कार्रवाई का जवाब देती है, तो उसे और भी करारे झटके लगेंगे औ विनाशकारी हमले शुरू हो जाएंगे।ईरान के हमलों के बाद इजराइल की वायु सेना ने दक्षिण-पश्चिमी ईरान के महशहर में स्थित पेट्रोकेमिकल परिसर में कई ठिकानों पर हमला किया है। तेहरान में, मेहराबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास, इस्फ़हान और तबरीज शहरों समेत 20 जगह कई विस्फोटों की आवाज सुनी गई है। आईआरजीसी कहना है कि ईरान सभी मोर्चों पर अभियान चलाने के लिए तैयार है, और दुश्मन के विभिन्न परिदृश्यों के आधार पर जवाबी कार्रवाई की योजना तैयार की गई है।अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमलों के बीच ईरान और इजरायल से अपील की है। उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा, ईरान को मेरा सुझाव यह होगा, आपने अपनी मिसाइलें दाग दी हैं, बस इतना ही काफी है। बातचीत की मेज पर वापस आइए और समझौता कीजिए। उन्होंने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से कहा कि समझौते के काफी करीब हैं, वे ईरान के मिसाइल हमले का जवाब न दें और कूटनीति के लिए अधिक समय दें।

## फिलीपींस में 7.8 तीव्रता के भूकंप के बाद सुनामी की चेतावनी, कई इमारतें ढही



मनीला,(ए.)। फिलीपींस के कुछ इलाकों में सोमवार तड़के जोरदार भूकंप आया, जिससे लोग सहम गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 7.8 मापी गई है। फिलीपीन ज्वालामुखी विज्ञान और भूकंप विज्ञान संस्थान के अनुसार, भूकंप का केंद्र मिंडानाओ द्वीप पर स्थित जनरल सैंटोस शहर से 13 किमी दक्षिण-पश्चिम में था। इसकी गहराई 10 किलोमीटर थी। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने गहराई 55.2 किलोमीटर बताई है। भूकंप में 5 व्यक्ति की मौत की सूचना है, जबकि कई इमारतें ढही हैं।

प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने भूकंप के बाद कहा कि फिलीपींस के कुछ तटों पर 3 मीटर (10 फीट) तक की सुनामी लहरें उठने की संभावना है। इंडोनेशिया और मलेशिया के कुछ तटों पर 1 मीटर (3 फीट) तक की लहरें उठने की संभावना है। फिलीपीन संस्थान के प्रमुख टेरेसिटो बाकोलकोल ने तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को चेतावनी दी है कि वे ऊंचे स्थानों पर चले जाएं या और अंदरूनी इलाकों में चले जाएं।

जनरल सैंटोस सिटी पुलिस के मास्टर सार्जेंट रॉबर्ट डैगन ने बताया कि भूकंप में कई इमारतें प्रभावित हुई हैं, लेकिन अभी गिनती नहीं हुई है। दुनिया के सबसे आपदाग्रस्त देशों में से एक, फिलीपींस प्रशांत महासागर के चारों ओर फैले भूकंपीय फॉल्ट के चाप पर स्थित है, इसलिए अक्सर भूकंप और ज्वालामुखी विस्फोटों से प्रभावित होता है। इसे 'रिंग ऑफ फायर' भी कहते हैं। यह द्वीपसमूह हर साल लगभग 20 टाइफून और उष्णकटिबंधीय तूफानों की चपेट में भी आता है।

## गुस्से से तिलमिलाए ट्रंप, बोले- एक दूसरे के खिलाफ तुरंत हमले रोकें इजरायल और ईरान, नहीं तो..

वाशिंगटन (ए.)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजरायल और ईरान से तत्काल सैन्य कार्रवाई रोकने की अपील की है। बेहद कम शब्दों में उन्होंने ट्रुथ सोशल के जरिए अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि दोनों देशों को फौरन शूटिंग (गोलीबारी) बंद करनी चाहिए।2 महीनों की सीजफायर के बाद रविवार को ईरान की ओर से इजरायल पर मिसाइल दागे गए। जवाबी कार्रवाई में तेल अवीव ने भी तेहरान के कई प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया जिसमें कारून पेट्रोकेमिकल्स प्लांट भी शामिल था। ट्रंप ने इससे पहले दोनों देशों से संयम बरतने को कहा था। उन्होंने अमेरिकी मीडिया आउटलेट फॉक्स न्यूज से बातचीत में कहा, मैं ईरान से यही कहूंगा कि आपने अपनी मिसाइलें चला दीं, अब बस कीजिए। वापस बातचीत की मेज पर आइए और समझौता कीजिए।सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप ने यह भी दावा किया कि ईरान की ओर से मिसाइलें दागने से पहले अमेरिका और ईरान किसी समझौते के बहुत करीब पहुंच चुके थे। उन्होंने कहा, हम बहुत करीब थे। मेरा मानना है कि इस आने वाले हफ्ते में सोमवार, मंगलवार या बुधवार तक समझौते पर हस्ताक्षर हो सकते थे। लेकिन अब यह सब हो गया।अमेरिकी मीडिया संस्थान एक्सियोस को दिए एक इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि वह इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को फोन करेंगे और उनसे जवाबी कार्रवाई न करने की अपील करेंगे। ट्रंप ने कहा, मैं अभी बीबी (नेतन्याहू) को फोन करने वाला हूं और उनसे कहूंगा कि जवाबी हमला न करें। दोनों पक्ष अपना-अपना कदम उठा चुके हैं। इजरायल ने हमला किया और ईरान ने भी जवाब दिया।



## डोमिनिकन गणराज्य के हवाई अड्डे पर उतरते समय निजी विमान दुर्घटनाग्रस्त, धमाके के साथ आग लगी

सैंटो डोमिंगो(ए.)। कैरेबियाई देश डोमिनिकन गणराज्य में सोमवार को एक निजी विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में विमान सवार एक पायलट और एक सह-पायलट की मौत हो गई। घटना ला रोमाना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रनवे पर हुआ था, जहां विमान बुरी तरह आग से घिर गया था। हादसे के समय विमान में कोई यात्री सवार नहीं था। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें विमान दुर्घटनाग्रस्त होते दिख रहा है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका में पंजीकृत गल्फस्ट्रीम जी200 जेट ऑस्टिन, टेक्सास जा रहा था। उड़ान के दौरान जब विमान ला रोमाना से लगभग 16 समुद्री मील दक्षिण-पश्चिम में था, तब उसने गंभीर यांत्रिक समस्याओं के कारण आपातकाल की घोषणा की। पायलट हवाई अड्डे पर वापस लौटा और आपातकालीन लैंडिंग का प्रयास किया, लेकिन विमान उतरते ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया और आग की चपेट में आग या।

# PoK में भड़की बगावत की आग, आंदोलन के दौरान 7 लोगों की मौत, 5 दर्जन से ज्यादा घायल

नई दिल्ली (ए.)। पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (PoJK) में चुनावी व्यवस्था में बदलाव की मांग को लेकर चल रहा विरोध प्रदर्शन अब हिंसक झड़पों में बदल गया है। विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच टकराव की खबरें हैं, जिनमें 7 लोगों की मौत और बड़ी संख्या में घायल होने की सूचना है।स्थानीय प्रशासन के अनुसार, आंदोलनकारी संगठन जॉइंट आर्मी एक्शन कमेटी (JAAC) के समर्थकों और पुलिस के बीच कई जगहों पर संघर्ष हुआ। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में नागरिक और पुलिसकर्मी दोनों शामिल हैं, जबकि घायलों की संख्या 60 से अधिक बताई जा रही है।

### संगठन पर प्रतिबंध, आंदोलन जारी

पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, क्षेत्रीय सरकार ने जॉइंट आर्मी एक्शन कमेटी (JAAC) को आतंकवाद-रोधी कानूनों के तहत प्रतिबंधित संगठन घोषित कर दिया है। इसके बावजूद संगठन ने आंदोलन जारी रखने का ऐलान किया है और 9 जून को क्षेत्रव्यापी हड़ताल तथा बंद का आह्वान किया है।



### पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच टकराव

रावलकोट के प्रशासनिक अधिकारियों ने समाचार एजेंसी AFP को बताया कि झड़पों में नागरिकों और पुलिसकर्मियों दोनों की जान गई है। कई पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। पाकिस्तानी अखबार 'डॉन' की रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने दावा किया है कि सुरक्षा बलों पर आग्नेयास्त्रों से हमला किया गया। प्रशासन ने घटना को गंभीर सुरक्षा चुनौती करार देते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने का संकल्प दोहराया है।

### गिरफ्तारियां और पुराना तनाव

अधिकारियों के अनुसार, सप्ताहांत में JAAC से जुड़े 70 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। यह विवाद क्षेत्र में लंबे समय से चल रहे राजनीतिक और प्रशासनिक असंतोष की पृष्ठभूमि में उभरा है। JAAC और अन्य समूह क्षेत्रीय शासन व्यवस्था में बदलाव तथा अधिक स्वायत्तता की मांग कर रहे हैं।

### 12 आरक्षित सीटों को लेकर विवाद

ताजा विरोध का केंद्र क्षेत्रीय विधानसभा की उन 12 सीटों को बताया जा रहा है जो 1947 के बाद पाकिस्तान के मुख्य हिस्सों में बसने वाले जम्मू-कश्मीर मूल के शरणार्थियों के लिए आरक्षित हैं। आंदोलनकारियों का आरोप है कि इन सीटों का उपयोग मुख्यधारा की पाकिस्तानी पार्टियां क्षेत्रीय सत्ता संतुलन को प्रभावित करने के लिए करती हैं। वहीं, सरकार और समर्थक पक्ष इस व्यवस्था को प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने का माध्यम बताते हैं। स्थिति को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

# फीचर

## पिंक लहंगे और डीप नेक ब्लाउज में वामिक गब्बी की तस्वीरों से नजरें हटाना मुश्किल, हर अदाओं पर हो जाएंगे फिदा



हाल ही में वामिका गब्बी ने अपनी कई खूबसूरत तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं, जिसमें वो बहुत ग्लैमरस लग रही हैं. लहंगे का कलर और उसका अट्रैक्टिव ब्लाउज उन्हें बहुत यूनिक और एलिगेंट बना रहा हैं. इन तस्वीरों पर फैंस भी खूब प्यार बरसा रहे हैं. इसी बीच आइए उनकी तस्वीरें देखते हैं.वामिका गब्बी ने पिंक और गोल्डन शेड का खूबसूरत लहंगा पहना है. लहंगे पर शिमरी फैब्रिक और बारीक एम्ब्रॉयडरी की गई है. उन्होंने डीप नेकलाइन वाला स्लीवलेस ब्लाउज कैरी किया है, जिस पर हैवी गोल्डन एम्ब्रॉयडरी और मिरर वर्क किया गया है. वामिका ने लहंगे के साथ हल्के पिंक कलर का ट्रांसपेरेंट नेट दुपट्टा ओढ़ा है. दुपट्टे पर खूबसूरत हल्की कढ़ाई की गई है. उन्होंने बालों को सेंटर पार्टिंग के साथ बन बनाया है. सामने की कुछ लटें चेहरे के तरफ आ रही हैं. वामिका का सॉफ्ट ग्लैम मेकअप उन्हें बहुत एलिगेंट बना रही हैं. उन्होंने स्टोन और पर्ल डिटेलिंग वाला चोकर नेकलेस पहना है. इसके साथ मैचिंग झुमके और हाथ में ब्रेसलेट कैरी किया है. वामिका गब्बी का ये लुक बेहद ग्रेसफुल, फेमिनिन और फेस्टिव वाइब्स से भरपूर है, जो किसी भी फंक्शन के लिए परफेक्ट फैशन इंस्पिरेशन है.

## बॉक्स ऑफिस पर रेंग रही बंदर, दो दिन में 2 करोड़ भी नहीं कमा पाई



अनुराग कश्यप और बॉबी देओल स्टारर फिल्म बदंर इस हफ्ते शुक्रवार को रिलीज किया गया और फिल्म को खूब तारीफें मिली. बॉबी देओल के काम से लेकर उनकी फिल्म की कहानी और अनुराग के निर्देशन की लोगों ने जमकर तारीफें की. लेकिन इसे बेहतरीन माउथ पब्लिसिटी का फायदा नहीं मिल पाया. मूवी बॉक्स ऑफिस पर रेंग रही है. ये दो दिनों में 2 करोड़ भी कमाई नहीं कर पाई. चलिए बताते हैं इसने कितनी कमाई कर ली है.

बॉबी देओल की फिल्म बंदर को तारीफों का फायदा बॉक्स ऑफिस पर नहीं मिल पा रहा है. सैकनिल्क के अनुसार, ये बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन 50 लाख की ही कमाई कर पाई थी. बॉबी देओल के स्टारडम और बेहतरीन माउथ पब्लिसिटी का फायदा फिल्म को नहीं मिल पाया. दूसरे दिन भी ये बॉक्स ऑफिस पर एक करोड़ का कलेक्शन भी नहीं कर पाई,- सैकनिल्क के अनुसार, बंदर ने दूसरे दिन 95 लाख का कलेक्शन किया.- इसके बाद फिल्म का दो दिनों का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 1.45 करोड़ तक पहुंच गया. फिल्म की कमाई डेढ़ करोड़ भी नहीं पहुंच पाई.इसके साथ ही फिल्म बंदर के बजट और स्टार कास्ट के बारे में बात की जाए तो रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म का निर्माण 25 करोड़ के बजट में किया गया है. इस लिहाज से फिल्म महज 5.8त्न ही कमाई कर पाई है, जो कि फिल्म की पब्लिसिटी, प्रमोशन और स्टारडम के लिहाज से काफी कम है.

## चेहरे की सुंदरता बढ़ाने में मदद कर सकता है फेस योग, जानिए इसके त्वचा संबंधी फायदे

फेस योग एक प्राकृतिक और असरदार तरीका है, जिससे आप अपने चेहरे की सुंदरता को बढ़ा सकते हैं। यह तरीका न केवल आपकी त्वचा को ताजगी देता है, बल्कि चेहरे की मांसपेशियों को भी मजबूत करता है। फेस योग के जरिए आप झुर्रियों, आंखों के नीचे के काले घेरे और थकी हुई त्वचा से छुटकारा पा सकते हैं। इस लेख में हम फेस योग के 5 प्रमुख फायदों पर चर्चा करेंगे, जो आपके चेहरे को टोन कर सकते हैं।



### झुर्रियां हो जाएंगी कम

फेस योग का सबसे बड़ा फायदा यह है कि यह झुर्रियों को कम करने में मदद करता है। नियमित रूप से चेहरे की मांसपेशियों को टोन करने वाले आसनों का अभ्यास करने से झुर्रियां धीरे-धीरे कम होने लगती हैं। इससे आपकी त्वचा युवा और ताजगी भरी दिखती है। इसके अलावा यह तरीका रक्त संचार को भी बढ़ाता है, जिससे त्वचा में निखार आता है और वह स्वस्थ दिखती है। इससे समय से पहले बुढ़ापा नहीं आता है।

### आंखों के नीचे के काले घेरे का होगा समाधान

आंखों के नीचे के काले घेरे एक आम समस्या बन चुकी है, खासकर आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में। फेस योग के कुछ विशेष आसनों का अभ्यास करके आप इस समस्या से राहत पा सकते हैं। इन आसनों में उंगलियों से हल्के हाथों से आंखों के चारों ओर मालिश करना शामिल है। इससे रक्त संचार बेहतर होता है और काले घेरे कम होते हैं। इसके अलावा यह तरीका आंखों को आराम भी देता है और उन्हें तरोताजा बनाता है।

### थकी हुई त्वचा को मिलेगी ताजगी

अगर आपकी त्वचा थकी हुई लग रही है तो फेस योग आपके लिए एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। इसमें चेहरे की मांसपेशियों को खींचने वाले आसनों का अभ्यास किया जाता है, जिससे त्वचा ताजगी भरी दिखती है। इसके अलावा यह तरीका त्वचा की चमक बढ़ाता है और उसे स्वस्थ बनाए रखता है। रोजाना कुछ मिनट इस योग का अभ्यास करने से आप अपनी थकी हुई त्वचा को फिर से जीवंत बना सकते हैं।

### तनाव होगा कम

तनाव हमारे पूरे शरीर पर असर डालता है, जिसमें हमारा चेहरा भी शामिल है। फेस योग तनाव कम करने में बहुत मददगार होता है, क्योंकि इसमें गहरी सांस लेने वाली तकनीकों का उपयोग किया जाता है। इसके अलावा चेहरे की मांसपेशियों को आराम देने वाले आसनों का अभ्यास करने से तनाव स्तर कम होता है और आप अधिक शांत महसूस करते हैं। इससे आपकी त्वचा भी तरोताजा और स्वस्थ दिखती है।

### प्राकृतिक रूप से मिलेगा निखार

फेस योग न केवल बाहरी सुंदरता बढ़ाता है, बल्कि आंतरिक रूप से भी आपकी त्वचा को मजबूत बनाता है। नियमित अभ्यास करने पर आपकी त्वचा में निखार आता है, जो प्राकृतिक होता है। इससे न केवल आपकी त्वचा चमकदार दिखती है, बल्कि वह स्वस्थ भी रहती है। इस प्रकार फेस योग एक सरल, लेकिन असरदार तरीका है, जिससे आप अपनी त्वचा की देखभाल कर सकते हैं और उसे नई जान दे सकते हैं।

# वर्केशन पर जा रहे हैं? काम और मस्ती के बीच संतुलन बनाए रखने के 5 तरीके



वर्केशन एक ऐसा चलन है, जो काम और आराम को एक साथ मिलाता है। इसमें आप अपने ऑफिस के काम को किसी खूबसूरत जगह पर जाकर भी कर सकते हैं। यह न केवल आपके काम को आसान बनाता है, बल्कि आपको नए अनुभव और यादें भी देता है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताएंगे, जिनसे आप अपने वर्केशन को और भी मजेदार बना सकते हैं और काम के साथ-साथ आराम का भी आनंद ले सकते हैं।

### योजना बनाएं

वर्केशन की शुरुआत अच्छी योजना बनाकर करें। पहले से तय करें कि कब और कहां जाना है और वहां कितने दिन रुकना है। इसके अलावा यह भी तय करें कि किन दिनों आपको काम करना है और किन दिनों को घूमने-फिरने के लिए रखना है। इससे आपको यह पता रहेगा कि कब काम करना है और कब आराम करना है, जिससे आपका वर्केशन संतुलित रहेगा और आप दोनों का आनंद ले सकेंगे।

### समय प्रबंधन करें

काम और आराम के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए समय प्रबंधन बहुत जरूरी है। सुबह जल्दी उठकर पहले काम करें और फिर बाकी समय घूमने-फिरने या अन्य गतिविधियों के लिए रखें। इस तरह आप अपने काम को भी पूरा कर पाएंगे और साथ ही आपको घूमने का भी समय मिलेगा। इसके अलावा आप अपने काम के समय को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटकर उसे पूरा करें, ताकि आप बिना किसी तनाव के अपने वर्केशन का आनंद ले सकें।

### तकनीक का उपयोग करें

वर्केशन के दौरान तकनीक का सही उपयोग करना बहुत जरूरी है। अपने कंप्यूटर या मोबाइल फोन का उपयोग करें, ताकि आप ऑफिस के काम को आसानी से कर सकें। इसके अलावा अगर आप किसी ऐसी जगह पर हैं, जहां इंटरनेट की समस्या हो सकती है तो पहले से ही सभी जरूरी कागजात डाउनलोड कर लें, ताकि आपको कोई दिक्कत न हो। इस तरह आप बिना किसी रुकावट के अपने वर्केशन का आनंद ले सकते हैं।

### स्थानीय संस्कृति को जानें

अपने वर्केशन के दौरान स्थानीय संस्कृति को जानने के लिए समय जरूर निकालें। इससे न केवल आपका मनोबल बढ़ेगा, बल्कि आपको नए-नए अनुभव भी मिलेंगे। आप स्थानीय बाजार जा सकते हैं, वहां के खाने का स्वाद ले सकते हैं या किसी स्थानीय कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं। इससे आपका वर्केशन और भी यादगार बनेगा और आपको वहां की संस्कृति का गहरा अनुभव मिलेगा, जिससे आप नई यादें भी बना सकेंगे।

### दोस्तों या परिवार के साथ जाएं

वर्केशन अकेले करने के बजाय दोस्तों या परिवार के साथ करें। इससे आपका समय जल्दी बीतेगा और आपको ज्यादा मजा आएगा। साथ ही आप अपने करीबियों के साथ समय बिताकर उनकी कंपनी का आनंद ले सकेंगे। इस तरह आपका वर्केशन न केवल कामकाजी रहेगा, बल्कि दोस्तों और परिवार संग बिताए समय से भरपूर भी होगा। उनसे आप कुछ कामों में मदद भी ले सकते हैं, ताकि काम जल्दी खत्म हो सके।

# 16 जून से खुलेंगे स्कूल: निजी स्कूलों को अब तक नहीं मिली किताबें



रायपुर (रायपुर)। गर्मी की छुट्टी के बाद प्रदेश के स्कूल 16 जून से फिर से खुलने जा रहे हैं, लेकिन निजी स्कूलों के सामने पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता को लेकर चिंता बढ़ गई है। छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने इस मामले में स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव को पत्र लिखकर निजी स्कूलों के लिए समय पर किताबें उपलब्ध कराने की मांग की है।

एसोसिएशन का कहना है कि पाठ्यपुस्तक निगम ने सरकारी स्कूलों में किताबों की आपूर्ति शुरू कर दी है, लेकिन निजी स्कूलों के लिए अब तक कोई स्पष्ट शेड्यूल जारी नहीं किया गया है। ऐसे में नए सत्र की शुरुआत से पहले विद्यार्थियों को किताबें उपलब्ध कराना मुश्किल हो सकता है। एसोसिएशन ने आरोप लगाया है कि स्कूल शिक्षा विभाग निजी स्कूलों के साथ भेदभावपूर्ण रवैया अपना रहा है।

संकुल स्तर पर ही पहुंचाई जा रही किताबें

उनके मुताबिक सरकारी स्कूलों को संकुल स्तर पर ही किताबें पहुंचाई जा रही हैं। जबकि निजी स्कूलों को पाठ्यपुस्तक निगम के डिपो से स्वयं किताबें प्राप्त करनी पड़ेंगी। पत्र में कहा गया है कि प्रदेश के कई निजी स्कूलों को किताबें लेने के लिए 150 से 200 किलोमीटर तक की दूरी तय करनी पड़ेगी। इससे समय और परिवहन लागत दोनों बढ़ेंगी।

किताबें पहुंचाना भी चुनौतीपूर्ण

साथ ही स्कूल खुलने से पहले सभी विद्यार्थियों तक किताबें पहुंचाना भी चुनौतीपूर्ण होगा। एसोसिएशन ने शिक्षा सचिव से मांग की है कि निजी स्कूलों के लिए भी जल्द पुस्तक वितरण का शेड्यूल जारी किया जाए और किताबों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि 16 जून से शुरू होने वाले नए शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

## चार पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल-डीजल का स्टॉक हुआ समाप्त




बीजापुर (ए.)। जिला मुख्यालय बीजापुर में संचालित पेट्रोल पंपों में से चार पेट्रोल पंपों पर ईंधन (पेट्रोल/डीजल) का स्टॉक अस्थायी रूप से समाप्त होने के कारण आज उनके संचालन में बाधा उत्पन्न हुई। इस संबंध में जानकारी प्राप्त होते ही जिला प्रशासन ने संबंधित पेट्रोल पंप संचालकों से संपर्क कर आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। जिला मुख्यालय में साप्ताहिक बाजार के दिन बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं आम नागरिक विभिन्न कार्यों से आते हैं, जिससे ईंधन की मांग में वृद्धि होती है। ऐसी स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए सभी पेट्रोल पंप संचालकों को पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा समय पर ईंधन की आपूर्ति बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया है। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए हैं कि भविष्य में किसी भी पेट्रोल पंप पर ईंधन की कमी की स्थिति उत्पन्न न हो तथा उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। जिला प्रशासन द्वारा स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है एवं आवश्यकतानुसार समन्वय स्थापित कर ईंधन आपूर्ति सुचारू बनाए रखने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## भाजपा कुदमुरा मंडल ने रजगामार में किया पौधों का रोपण, संरक्षण करने लिया संकल्प

कोरबा(आरएनएस)। पर्यावरण दिवस पर भाजपा कुदमुरा मंडल ने रजगामार में कुछ प्रजातियों के पौधों का रोपण करने के साथ इसका संरक्षण करने का संकल्प दोहराया। रजगामार मे पर्यावरण दिवस पर उपसरपंच श्रीमती पूनम चैरसिया, वार्ड क्रमांक 15 के पंच श्रीमती पुष्पा सिंह मरावी, श्रीमती शारदा बाई उइके, वार्ड क्रमांक 09 के पंच व एनजीओ प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक अज्ञात यादव, भाजपा कुदमुरा मंडल के महामंत्री कौशल चैरसिया, वार्ड क्रमांक 8 के पंच श्रीमती राधा नेताम, मुकेश नेताम व अन्य ग्रामीण जनों ने पर्यावरण दिवस पर ओमपुर स्टेडियम में वृक्षारोपण किया।

## खरीफ सीज़न के लिए समिति केंद्रों में उर्वरक वितरण से किसानों को राहत

रायपुर (आरएनएस)। राज्य शासन की किसान हितैषी पहल और कृषि विभाग की सतत निगरानी के परिणामस्वरूप किसानों को खरीफ सीजन के लिए आवश्यक उर्वरकों की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत समय पर खाद उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे खेती-किसानी की तैयारियों को गति मिली है।

जिले के विकासखंड अभनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत भेलवाडीह के किसान अर्जुन यादव ने उर्वरक वितरण व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें समिति केंद्र में बिना किसी परेशानी के आवश्यक खाद उपलब्ध हो गया। उन्होंने कहा कि समिति पहुंचने पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उनका परमिट तत्काल जारी किया गया तथा आवश्यक उर्वरक भी आसानी से प्राप्त हो गया।

किसान अर्जुन यादव ने बताया कि वे 4 एकड़ कृषि भूमि पर खेती कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि समिति से उन्हें खेती की आवश्यकता के अनुसार 4 बोरी डीएपी, 4 बोरी यूरिया खाद प्राप्त हुआ है। समय पर उर्वरक उपलब्ध होने से फसल प्रबंधन में सुविधा होगी और उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान व्यवस्था के तहत समिति केंद्र में उर्वरक प्राप्त करने में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ा। पारदर्शी और सुव्यवस्थित वितरण प्रणाली से किसानों का समय बच रहा है तथा खेती की तैयारियां समय पर पूरी हो पा रही हैं।

यादव ने कहा कि किसानों की जरूरतों को ध्यान में रखकर की गई व्यवस्थाओं से खेती-किसानी के कार्यों में काफी सुविधा हुई है।

## जंगल के बीच क्रिकेट का मैदान और उप मुख्यमंत्री साव के हाथ में बैट

सुकमा (ए.)। सुकमा के जंगलों के बीच मैदान में युवाओं को क्रिकेट खेलते देख उप मुख्यमंत्री अरुण साव खुद को रोक न सके। उन्होंने गाड़ी रुकवाई, खिलाड़ियों के बीच मैदान में पहुंचे और क्रीज पर जाकर बैट थाम लिया। टूर्नामेंट खेल रहे कुशल गेंदबाजों की गेंदों पर कुछ करारे शॉट भी लगाए। यह बदलते बस्तर की खुशनुमा तस्वीर है। किरंदुल से सुकमा के रास्ते का यह मुनगा गांव था जहां श्री साव ने मैदान में बल्ला भांजा। सुकमा जिले के ग्राम पंचायत कोर्रा का आश्रित गांव है यह। मैदान पर खेलने के लिए जुटे युवाओं से पता चला कि यहां 7 जून से क्रिकेट टूर्नामेंट चल रहा है जिसमें आसपास के गांवों की 16 टीमों ने भाग लिया है। मैदान के एक छोर पर खिलाड़ियों का झुंड तो दूसरे छोर पर दर्शकों का झुंड था।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कुछ गेंदे खेलने के बाद पिच पर ही खिलाड़ियों से अपने सहज-सरल अंदाज में बातचीत शुरू की, जिससे इस टूर्नामेंट की जानकारी मिली। उन्होंने खिलाड़ियों के मांगे बिना ही सभी 16 टीमों को क्रिकेट किट देने का वादा किया, जिससे वे पूरे साजो-सामान के साथ अपने खेल का आनंद ले सकें। श्री साव से चर्चा के बीच खिलाड़ियों ने खेल मैदान की कमी की बात रखी, जिस पर उन्होंने कलेक्टर को निर्देशित कर समुचित व्यवस्था का आश्वासन दिया। उप मुख्यमंत्री अरुण साव इन दिनों चार दिनों के बस्तर प्रवास पर हैं। वे रोज दिनभर निर्माण कार्यों और विकास योजनाओं का निरीक्षण कर रहे हैं। साथ ही अधिकारियों की बैठक लेकर इनकी प्रगति की समीक्षा भी कर रहे हैं।

## 24 नग अवैध चिरान के साथ दो आरोपित गिरफ्तार



कांकेर (ए.)। जिले के कापसी वन विभाग ने रविवार रात दो आरोपियों निहार व्यापारी और मनीष टेकाम को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से 24 नग अवैध चिरान जब्त किया गया। ये आरोपी मोटर साइकिल से चिरान बेचने की फिराक में थे। वन विभाग ने कार्यवाही उपरांत आज सोमवार को गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायालय रवाना कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार वन विभाग की टीम ने मुखबिर की सटीक सूचना पर रविवार के आधी रात को आरोपियों के ठिकानों पर दबिश देकर आरोपी निहार व्यापारी और मनीष टेकाम के घर से 24 नग चिरान जब्त किया गया। आरोपी इस चिरान को बेचने की तैयारी में थे। मुखबिर ने कापसी वन विभाग को इसकी सूचना दी थी। जिसके बाद वन विभाग की टीम ने आरोपियों को पकड़ा। उनके पास से दो मोटर साइकिल भी जब्त की गई है।

## ग्राम करगामार में गहराया पेयजल संकट

### लगभग सप्ताह भर से पानी के लिए परेशान हो रहे ग्रामीण

कोरबा(आरएनएस)। कोरबा जिले के पोड़ी-उपरोड़ा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पचरा के आश्रित ग्राम करगामार में पिछले कई दिनों से पेयजल संकट गहराने लगा है। ग्राम में पानी की आपूर्ति बाधित होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि लोगों को दैनिक जरूरतों के लिए भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

ग्रामीणों के अनुसार करगामार में स्थापित सिंटेक्स टंकी में पिछले चार-पांच दिनों से पानी चढ़ना बंद हो गया है। इसके चलते पूरे गांव की जलापूर्ति व्यवस्था प्रभावित हो गई है। पेयजल की समस्या के कारण महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कई परिवारों को दूर-दराज के जलस्त्रोतों से पानी लाकर अपनी जरूरतें पूरी करनी पड़ रही हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि अचानक पानी की आपूर्ति बंद होने से उनके सामने गंभीर संकट खड़ा हो गया है। सुबह से लेकर शाम तक पानी की व्यवस्था करने में लोगों का काफी समय और श्रम व्यय हो रहा है। गर्मी के मौसम में पानी की आवश्यकता बढ़ जाने के कारण समस्या और भी गंभीर हो गई है। कई घरों में पीने के पानी तक की कमी महसूस की जा रही है। ग्रामीणों ने आगे बताया कि इस संबंध में ग्राम पंचायत पचरा को सूचना दे दी गई है और जलापूर्ति बहाल करने मांग की गई है। इसके बावजूद अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। ग्रामीणों का आरोप है कि समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठाए जाने के कारण उन्हें लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही पानी की आपूर्ति शुरू नहीं की गई तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और पंचायत प्रशासन से मांग की है कि जलापूर्ति व्यवस्था की तत्काल जांच कर खराबी को दूर किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। उनका कहना है कि पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा से किसी भी नागरिक को वंचित नहीं रहना चाहिए। गांव के कई लोगों ने प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा है कि समस्या के समाधान के लिए आवश्यक तकनीकी जांच कराई जाए और यदि मोटर, पाइपलाइन अथवा अन्य किसी कारण से पानी की आपूर्ति बाधित हुई है तो उसे तत्काल दुरुस्त किया जाए।

# खेल समाचार

## वैभव सूर्यवंशी के साथ दोहराई जाएगी 37 साल पुरानी कहानी, बीसीसीआई ने उठाया बड़ा कदम




नईदिल्ली,(आरएनएस)। वैभव सूर्यवंशी के साथ 37 साल पुरानी एक खास कहानी दोहराई जाएगी। 1989 में जब 16 वर्षीय सचिन तेंदुलकर पाकिस्तान दौरे पर गए थे, तब उनके भाई अजित तेंदुलकर भी उनका हौसला बढ़ाने के लिए वहां पहुंचे थे। अब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 15 साल के वैभव के लिए बड़ा कदम उठाते हुए उनके माता-पिता को विदेशी दौरे पर साथ रहने की अनुमति दे दी है। उन्हें मानसिक मजबूती देने के लिए ये फैसला लिया गया है।

बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बताया कि बोर्ड आमतौर पर खिलाड़ियों के साथ उनके माता-पिता को दौरे पर जाने की अनुमति नहीं देता। वैभव के मामले में विशेष अनुमति दी गई है। उन्होंने कहा कि उन्हें सीनियर टीम के साथ चुना गया है। वह अभी नाबालिग हैं और सीनियर टीम के अन्य खिलाड़ी वयस्क हैं। ऐसे में बोर्ड ने उचित समझा कि उनके माता-पिता या परिवार का कोई सदस्य उनके साथ श्रीलंका जा सके। सैकिया ने आगे कहा, हम वैभव के माता-पिता से अनुरोध करेंगे। अगर वे साथ जाना चाहते हैं तो जा सकते हैं। दरअसल, उनके पिता कल श्रीलंका जा रहे हैं। इसके बाद यदि वे इंग्लैंड भी जाना चाहें तो बीसीसीआई उसका समर्थन करेगा, क्योंकि वह अभी बच्चा है। उसे घुलने-मिलने और माहौल में ढलने के लिए कुछ समय चाहिए। यह सुविधा सभी खिलाड़ियों को नहीं दी जाती, लेकिन वैभव सिर्फ 15 साल के हैं इसलिए उनका सहज महसूस करना जरूरी है।

15 साल और 71 दिन के वैभव को भारतीय टीम में जगह मिली है। वह भारतीय टीम (पुरुष) में चयन होने वाले सबसे युवा खिलाड़ी हैं। उन्होंने सचिन का रिकॉर्ड तोड़ा है, जिन्हें 16 साल और 194 दिन की उम्र में टीम में जगह मिली थी। उन्होंने 1989 में 16 साल और 205 दिन की उम्र में पाकिस्तान के खिलाफ डेब्यू किया था।

## भारतीय टीम की सबसे बड़ी टेस्ट जीत, अफगानिस्तान को एक पारी और 300 रनों से हराया

न्यू चंडीगढ़ (ए.)। भारतीय क्रिकेट टीम ने यहां खेले गये एकमात्र क्रिकेट टेस्ट मैच के तीसरे दिन ही अफगानिस्तान को एक पारी और 300 रनों से हरा दिय। इस मैच में अफगानिस्तान की टीम फॉलोऑन खेलते हुए अपनी दूसरी पारी में भी केवल 112 रनों पर ही आउट हो गयी। वहीं वह



पहली पारी में 152 रनों पर आउट हो गयी थी, भारत की ओर से सबसे अधिक 6 विकेट मानव सुधार ने लिए। फॉलोऑन खेलने उतरी अफगानिस्तान की टीम दूसरी पारी में भी केवल 112 रन पर सिमट गई। भारतीय टीम ने पहली पारी 8 विकेट पर 564 रन बनाकर घोषित की थी। ऐसे में उसे पहली पारी के आधार पर 412 रनों की बढ़त मिली थी। इसके बाद भारतीय टीम ने अफगान टीम को फॉलोऑन के लिए बुलाया। अफगान टीम दूसरी पारी में भी टिक नहीं पायी और केवल 112 रन ही बना पायी। सलामी बल्लेबाज सिद्दीकुल्लाह अटल ने सबसे ज्यादा 42 रन बनाये। वहीं भारतीय टीम की ओर से सुंदर ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। कुलदीप यादव ने 3 विकेट, मोहम्मद सिराज ने 1 विकेट और मानव सुधार ने 1 विकेट लिया।

## भारत बनाम अफगानिस्तान: ऋषभ पंत एकमात्र टेस्ट में शतक से चूके, जानिए उनके आंकड़े

नईदिल्ली, (आरएनएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ एकमात्र टेस्ट की पहली पारी में शानदार बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतकीय पारी (81) खेली। यह उनके टेस्ट करियर का 19वां और अफगान टीम के खिलाफ पहला ही अर्धशतक रहा, जिसे उन्होंने 70 गेंदों में पूरा किया। वह अपने 9वें शतक से 19 रन दूर थे, तभी हशमतुल्लाह शाहिदी की गेंद पर कैच आउट हो गए। ऐसे में आइए उनकी पारी पर एक नजर डाल लेते हैं।




भारत को पहले बल्लेबाजी करते हुए 247 रन के स्कोर पर केएल राहुल (100) के रूप में तीसरा झटका लगा। उसके बाद बल्लेबाजी पर आए पंत ने शुभमन गिल (100) के साथ 216 गेंदों में 169 रन की साझेदारी निभाई। पंत आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं, लेकिन इस पारी में उन्होंने सूझबूझ से बल्लेबाजी की। अजमतुल्लाह उमरजई की गेंद पर वह कैच आउट हुए थे, लेकिन अंपायर ने उन्हें आउट नहीं दिया। अफगानिस्तान ने रिव्यू भी नहीं लिया।

पंत ने 2018 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था और तब से वह भारतीय टीम के अहम सदस्य हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के साथ उन्होंने भारत के लिए 50 टेस्ट मैच खेलने का आंकड़ा भी छू लिया। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे भारतीय विकेटकीपर बने हैं। इस सूची में धोनी 90 टेस्ट के साथ पहले और सैयद किरमानी 88 टेस्ट के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

पंत ने 50 टेस्ट मैच खेले हैं और इसकी 87 पारियों में 43.91 की शानदार औसत के साथ 3,557 रन बनाने में सफल रहे हैं। उनके बल्ले से 8 शतक और 19 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 159* रन रहा है। इस खिलाड़ी के बल्ले से 378 चौके और 97 छक्के निकले हैं। वह टेस्ट में 100 छक्के लगाने वाले पहले भारतीय बन सकते थे, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। अफगानिस्ताान के खिलाफ पंत का यह पहला टेस्ट है।

## सैफ विमेंस चैंपियनशिप: बांग्लादेश को 3-1 से शिकस्त देकर भारत 7 साल बना चैंपियन




मार्गाओ (गोवा),(आरएनएस)। भारत ने सात साल बाद सैफ विमेंस चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया है। शनिवार को गोवा के मार्गाओ में पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले गए फाइनल में भारतीय टीम ने मौजूदा चैंपियन बांग्लादेश को 3-1 से मात दी। प्यारी जाक्सा ने 42वें मिनट में भारत को बढ़त दिलाई, लेकिन पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में ऋतु पोर्ना चकमा ने गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। दूसरे हाफ के शुरू होने के सिर्फ 40 सेकंड बाद सनफिदा नोंग्रम ने 'ब्लू टाइग्रेस' को फिर से बढ़त दिला दी। इसके बाद सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी लिंडा कॉम सर्टो ने 82वें मिनट में गोल करके जीत पक्की कर दी और भारत ने रिकॉर्ड छठी बार यह ट्रॉफी जीती। मनीषा कल्याण ने टूर्नामेंट में पहली बार शुरुआती लाइन-अप में जगह बनाई। सनफिदा नोंग्रम ने सबसे पहले खतरा पैदा किया; उन्होंने मुश्किल एंगल से कोशिश की, लेकिन उनका शॉट बार के ऊपर से निकल गया। 16वें मिनट में भारत गोल करने के और करीब पहुंचा, जब बांग्लादेश की गोलकीपर माइल अख्तर, निर्मला देवी फंजौबम की लंबी बॉल को ठीक से संभाल नहीं पाईं। बॉल अस्ताम ओराओन के पास आई, लेकिन डिफेंडर उसे सही निशाने पर नहीं भेज पाईं। हालांकि, बांग्लादेश की टीम खतरनाक बनी रही। 23वें मिनट में ऋतु पोर्ना चकमा ने नेपाल के खिलाफ सेमीफाइनल जैसा कमाल लगभग दोहरा ही दिया था; उन्होंने कॉर्नर से सीधे गोल की तरफ बॉल को घुमाया, जो क्रॉसबार के ठीक ऊपर से निकल गई। क्रिसपिन छेत्री की टीम लगातार आगे बढ़ती रही।

## वैभव को अपने अनुसार खेलने दें, उसपर बेवजह दबाव न बनायें : गांगुली

मुम्बई (ए.)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने कहा कि 15 साल के वैभव सूर्यवंशी पर अभी से दबाव डालना सही नहीं है। साथ ही कहा कि वह अभी बच्चा है और उसे अपने अनुसार खेलने दें। आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के बाद वैभव को आयरलैंड और इंग्लैंड के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। इसी को देखते हुए गांगुली ने कहा है कि वैभव पर किसी तरह का बेवजह का दबाव न बनाये और उसे अपने स्वाभविक अंदाज में खेलने दें। गांगुली ने से बातचीत में प्रशंसकों और क्रिकेट विशेषज्ञों से विशेष तौर पर अपील की कि वे वैभव पर अनावश्यक अपेक्षाओं का बोझ न डालें। गांगुली ने कहा, 'मुझे लगता है कि हमें उसे उसके हाल पर छोड़ देना चाहिए। वह अभी केवल 15 साल का बच्चा है और मुझे नहीं लगता कि वह दबाव के बारे में बहुत अधिक सोचता होगा। आईपीएल में हमने देखा कि वह निडर होकर खेलता है हालांकि भारतीय टीम के लिए खेलना एक बिलकुल अलग अनुभव है, और वह उन विदेशी दौरों पर जा रहा है जहां की पिचें काफी हमारे यहां से काफी अलग होंगी।'

## फ्रेंच ओपन 2026: अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने फ्लेवियो कोबोली को हराते अपना पहला ग्रैंड स्लैम जीता



नईदिल्ली, (आरएनएस)। फ्रेंच ओपन 2026 के पुरुष एकल फाइनल में जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने इटली के फ्लेवियो कोबोली को 6-1, 4-6, 6-4, 6-7 (5) और 6-1 से हराते हुए खिताब पर कब्जा किया। यह उनके टेनिस करियर का पहला ग्रैंड स्लैम साबित हुआ। वह इससे ऑस्ट्रेलियन ओपन और यूएस ओपन में उपविजेता रहे थे। यह दूसरी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव का दूसरा ही फ्रेंच ओपन फाइनल था, जिसकी चुनौती को उन्होंने पहली बार पार किया।

पहले सेट में ज्वेरेव के सामने कोबोली बेरंग नजर आए। इटली के इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले सेट में लगातार गलतियां की, जिसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ा। हालांकि, दूसरे सेट को 10वीं वरीयता प्राप्त कोबोली ने 6-4 से जीतते हुए अपना संघर्ष जारी रखा। इसके बाद तीसरे सेट को गंवाने के बाद कोबोली ने चौथे सेट को टाईब्रेक के जरिए अपने नाम किया।

## एकमात्र टेस्ट: शुभमन गिल ने तोड़ा सचिन तेंदुलकर का ये रिकॉर्ड, जानिए आंकड़े

नईदिल्ली, (आरएनएस)। शुभमन गिल ने अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के पहले दिन शतक जड़कर बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। भारतीय कप्तान के तौर पर उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 1,000 रन पूरे कर लिए। गिल यह उपलब्धि हासिल करने वाले भारत के 11वें कप्तान बने। उन्होंने कप्तान के रूप में सिर्फ 15वीं टेस्ट पारी में यह आंकड़ा छुआ। इस मामले में उनसे आगे केवल सुनील गावस्कर हैं, जिन्होंने 14 पारियों में कप्तान रहते हुए 1000 टेस्ट रन पूरे किए थे।

गिल ने अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में शतकीय पारी खेलते हुए एक और बड़ा कीर्तिमान अपने नाम किया। वह सबसे कम समय में कप्तान के रूप में टेस्ट क्रिकेट में 1,000 रन पूरे करने वाले भारतीय बने हैं। गिल ने यह उपलब्धि 351 दिनों में हासिल की, जबकि सचिन तेंदुलकर को इस मुकाम तक पहुंचने में 405 दिन लगे थे। गिल का यह बतौर भारतीय टेस्ट कप्तान छठा शतक रहा।

गिल बतौर भारतीय टेस्ट कप्तान लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ शतक के साथ उनके नाम कप्तान रहते हुए 6 टेस्ट शतक हो गए हैं। उनसे आगे केवल विराट कोहली (20), सुनील गावस्कर (11), मोहम्मद अजहरुद्दीन (9) और तेंदुलकर (7) हैं। गिल ने कप्तान के रूप में अपने 9वें टेस्ट तक 1000+ रन बना लिए हैं। उनकी औसत 87 से अधिक की है। इस दौरान उन्होंने 7 बार 50+ स्कोर बनाया, जिसमें 6 शतक शामिल हैं। गिल 177 गेंदों में 126 रन बनाकर आउट हुए। उनके बल्ले से 15 चौके और एक छक्के निकले। उनकी स्ट्राइक रेट 71.19 की रही। गिल ने अपना पहला टेस्ट मैच साल 2020 में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ खेला था। अब तक इस खिलाड़ी ने 41 मैच खेले हैं और इसकी 74 पारियों में 44.31 की औसत से 2,969 रन बनाए हैं।

## आज आएंगे नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्री श्री विजयवर्गीय

### विकास कार्यों का करेंगे भूमि पूजन और लोकार्पण



नर्मदापुरम् (निप्र)। आज नगरपालिका परिषद द्वारा विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी जाएगी। नगरपालिका द्वारा शाम 4.30 बजे मीनाक्षी क्षेत्र स्थित भवानी चौक पर आयोजित विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्री कैलाश विजयवर्गीय होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ सीताशरण शर्मा करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद दर्शन सिंह चौधरीए राज्यसभा सांसद माया नारोलिया होंगी। विशेष अतिथि के रूप में सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंहए सिवनीमालवा विधायक प्रेमशंकर वर्मा, पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशीए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला होंगी। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा समस्त नागरिकों से इस गरिमामय कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

# बारिश की संभावना को देखते हुए जिला होमगार्ड बचाव की मॉर्कड्रिल करें - कलेक्टर सोमेश मिश्रा

### सभी अधिकारी योग दिवस पौधारोपण एवं जनकल्याण शिविर की तैयारी सुरक्षित करें

### कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में विभिन्न विभाग की योजनाओं की समीक्षा की

नर्मदापुरम (निप्र)। आगामी दिनों में जिले में बारिश की संभावना बन रही है, इसको देखते हुए जिला होमगार्ड बचाव एवं राहत कार्य की मार्क ड्रिल कराकर रिस्पांस टाइम का आकलन कर लें। कलेक्टर ने सोमवार को आयोजित समय सीमा की बैठक में जिले की समस्त क्षतिग्रस्त पूल पूलिया की मरम्मत करने के लिए निर्देश दिए और कहां की संभावित दुर्घटना ग्रस्त स्थलों पर संकेतक चिन्ह अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। उन्होंने विद्युत विभाग के सहायक यंत्री को निर्देश दिए कि वह बारिश से पूर्व झाड़ झाड़ियां की छटाई करना सुरक्षित करें। उन्होंने नगर पालिका अधिकारी को निर्देश दिए की बारिश से पूर्व चिन्हित जर्जर भवनों को डिस्मेंटल करने की कार्रवाई प्राथमिकता से करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में बताया कि 21 जून को जिला स्तरीय योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किये जाएगे, इसके पूर्व 5 जून से योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं जो 21 जून तक जारी रहेंगे। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम से संबंधित सभी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए साथ ही वन विभाग, जिला पंचायत, जन अभियान परिषद एवं अन्य संबंधित विभाग को निर्देश दिए कि वह एक लाख तक शीट बॉल तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित करें ताकि जिले में वृहद स्तर पर बीज एवं पौधारोपण के कार्यक्रम किए जा सके। उन्होंने जनकल्याण शिविर के संबंध में आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि ब्लॉक स्तर पर जनकल्याण शिविर का आयोजन किया जाएगा, इसमें उन्होंने सभी विभागों को सक्रिय सहभागिता निभाने के निर्देश दिए। साथ ही सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह जनकल्याण शिविर में प्राप्त आवेदनों का निराकरण शत प्रतिशत करना सुनिश्चित करें, एवं पोर्टल पर निराकरण की स्थिति अपलोड करें। उन्होंने कहा कि जनकल्याण शिविर के फोटो एवं वीडियोग्राफी भी अनिवार्य रूप से कर ली जाए।बताया गया कि आगामी दिनों में कृषि विभाग द्वारा ऑर्गेनिक कृषि पर आधारित वर्कशॉप एवं शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्री मिश्रा ने बताया कि शिविर में आने वाले हितग्राहियों को एक पौधा लगाने के लिए दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कलेक्टर परिसर को प्लास्टिक फ्री किया जाएगा इसके तहत प्लास्टिक की कोई भी वस्तु कलेक्टर कार्यालय में नहीं रहेगी, कांच के गिलास एवं अन्य धातु से बने वस्तुओं का उपयोग होगा। पानी की प्लास्टिक की बोतल एवं अन्य प्लास्टिक के आइटम पर पूर्णतया रोक रहेगी।कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की 50 से 100 दिवस के लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी प्रकरण संतुष्टि पूर्वक निराकृत किये जाए, साथ ही उन्होंने लोक सेवा प्रदाय के तहत प्राप्त होने वाले समस्त प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए और कहां की जो प्रकरण समय सीमा में निराकृत नहीं किये जा रहे हैं उस स्थिति में संबंधित अधिकारी पर पेनल्टी अधिरोपित की जाएगी। उन्होंने सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अपने लंबित सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का प्रति सप्ताह निराकरण करना सुनिश्चित करें।




# कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने पुराने एवं नवनिर्मित एसडीएम कार्यालय भवन का किया निरीक्षण

### एसडीएम एवं तहसील कार्यालयों को नवीन भवन में स्थानांतरित करने के दिए निर्देश



नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सोमवार को पुराने एसडीएम कार्यालय एवं नवनिर्मित एसडीएम कार्यालय भवन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एसडीएम कार्यालय सहित तहसील कार्यालय नगरी एवं ग्रामीण को नवीन भवन में स्थानांतरित किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने पुराने तवा भवन कार्यालय परिसर में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। साथ ही नवनिर्मित कार्यालय भवन के सामने अव्यवस्थित रूप से खड़ी की जा रही गाड़ियों की पार्किंग तत्काल बंद कराने एवं व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने नवीन भवन में विभिन्न कार्यालयों के संचालन हेतु कक्ष आवंटन की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने न्यायालयीन कार्यों के सुचारू संचालन के लिए लक्ष्यों का निर्धारण करने तथा प्रशासनिक कार्यों को व्यवस्थित रूप से संचालित करने पर भी जोर दिया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्देशित किया कि नवीन भवन में कैंटीन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही वाहन पार्किंग के लिए व्यवस्थित शेड निर्माण कराने तथा भवन परिसर के आसपास सुरक्षा की दृष्टि से फेंसिंग कराने के निर्देश भी दिए गए। पुराने एसडीएम कार्यालय भवन के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने दिव्यांगजन सुविधा को ध्यान में रखते हुए सामाजिक न्याय विभाग को वहां स्थान उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# शालेय मित्रों का पुनर्मिलन 45 वर्षों की यादों का पुनर्जन्म



नर्मदापुरम। शासकीय एस एन जी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के ग्यारहवी कक्षा के कामर्स विषय के 1981 वर्ष के बैच के छात्रों का पुनर्मिलन कार्यक्रम 7 जून 2026 को नर्मदापुरम के आकाश रेस्ट्रां में आयोजित किया गया जिसमें उस बैच के स्थानीय छात्रों के अलावा खंडवा और इंदौर में निवासरत छात्र भी शामिल हुए सबने 45 वर्षों की अपनी यादों को साझा किया और स्कूली जीवन की यादों को ताजा किया कार्यक्रम में प्रकाश शिवहरे, राकेश वामन्या, शहील खान, कमल गढ़वाल, अनिल गुप्ता, सुधीर मोने, मनमोहन मीना, मनोहर शर्मा, मोहन रैकवार, केशव मांगरोल और रघुनंदन सिंह राजपूत इत्यादि छात्र शामिल हुए सबने पूरा दिन यादगार तरीके से गुजारा और भविष्य में पुन: मिलने के संकल्प के साथ विदाई ली।

## सामान्य प्रशासन स्थायी समिति की बैठक 12 जून को

नर्मदापुरम (निप्र)। जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन स्थायी समिति की बैठक का आयोजन 12 जून 2026 को दोपहर 03:00 बजे से कार्यालय जिला पंचायत नर्मदापुरम के सभाकक्ष में किया गया है। उक्त बैठक में पूर्व बैठक के कार्यवाही विवरण, जिला पंचायत के आय व्यय के संबंध में चर्चा एवं अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

## 14 जून को होगा स्मिता खेलो इंडिया महिला साइक्लिंग प्रतियोगिता का आयोजन

नर्मदापुरम (निप्र)। साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (CFI) के निर्देशानुसार और भोपाल डिस्ट्रिक्ट साइक्लिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में स्मिता खेलो इंडिया महिला साइक्लिंग प्रतियोगिता-2026 का आयोजन 14 जून 2026 को नर्मदापुरम में किया जाएगा। प्रतियोगिता नर्मदापुरम के शासकीय गृहविज्ञान महाविद्यालय से प्रारंभ होगी। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं में खेलों के प्रति सहभागिता बढ़ाना, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और फिटनेस को बढ़ावा देना है। इसके साथ ही यह आयोजन महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## *विभिन्न समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपा*

*नर्मदापुरम। कांग्रेस कमेटी ने विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्टर को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। कांग्रेस ने नगर में सीवर लाइन रेस्टोरेशन कार्य को गुणवत्ता पूर्ण करने एवं बारिश में खुदाई बंद करने की मांग की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत पाण्डेय ने मूंग खरीदी को लेकर पंजीयन व्यवस्था को सुगम किया जाये एवं प्रति एकड़ उपज खरीदी की सीमा बढ़ाई जाये एवं शहर तहसील एवं एस डी एम कार्यालय को वापिस कलेक्टर कार्यालय परिसर में स्थानंत्रित किया जाये इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष नपा अनोखी राजोरिया धर्मेन्द्र तिवारी अजय सैनी मधुसूदन यादव अरुण दीक्षित अन्नू मलैया फैजान उल हक गुलाम हैदर संतोष तोमर बबलू राठौर प्रदीप दुबे धीरज बहुत्रा गुलाम मुस्तफ़ा आनंद थापक कपिल यादव सिराज खान मंजुल मणि ढिमोले प्रताप राजपूत सौरभ राय ऋतिक चौहान कीर्ति मिश्रा अम्बिका राजपूत अजय शर्मा शैलू तोमर विनोद दुबे संतोष अहिरवार सलीम जागेश यादव दिलीप अहिरवार सहित अन्य कांग्रेस जन उपस्थित रहे।*

# भागवत कथा में कपिल उपाख्यान व सती चरित्र की कथा सुनकर श्रोता हुए भाव विभोर





नर्मदापुरम (निप्र)। श्री मद्भागवत कथा के तृतीय दिवस कथा व्यास पं स्पर्श तिवारी ने कपिल उपाख्यान के साथ ही देवी सति चरित्र की कथा सुनाई जिसे सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए। ग्वालटोली सिवनी नाके के पास स्थित शंकर मंदिर परिसर में जारी श्रीमद् भागवत कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कथा व्यास पंडित तिवारी ने कपिल अवतार के प्रसंगों का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान विष्णु ने पांचवे अवतार कपिल मुनि के रूप में लिया। इनके पिता का नाम महर्षि कर्दम व माता का नाम देवहूति था। शरशय्या पर पड़े हुए भीष्म पितामह के शरीर त्याग के समय वेदज्ञ व्यास आदि ऋषियों के साथ भगवान श्री कपिल मुनि जी भी वहां उपस्थित थे। भगवान कपिल मुनि जी सांख्य दर्शन के प्रवर्तक हैं। श्री गुरू भगवान कपिल महामुनि जी भागवत धर्म के प्रमुख बारह आचार्यों में से एक हैं देवी सति की पितृ एवं पति भक्ति को विस्तार देते हुए कहा कि देवी सति का विवाह भगवान भोलेनाथ से हुआ। भोलेनाथ के द्वारा मना करने के बाद भी देवी सति अपने पिता दक्ष द्वारा आयोजित यज्ञ में भाग लेने पहुंच गईं। यज्ञ में भगवान शिव का आमंत्रण और उनका भाग न दिए जाने पर कुपित होकर सती ने यज्ञ कुंड में आहुति देकर शरीर त्याग दिया। इस कथा के मार्मिक वर्णन को सुनकर श्रोताओं के आंखों में से आंसु आने लगे। आयोजन समिति के कमल चव्हाण ने बताया कि कथा प्रति दिन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक जारी रहती है। समिति ने श्रद्धालुओं से कथा सुनने के लिए आग्रह किया है।

# रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई

### संयुक्त टीम ने डंपर एवं दो ट्रैक्टर-ट्रॉली किए जप्त




नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शिकायत प्राप्त होने पर दिनांक 07 जून 2026 की रात्रि राजस्व, खनिज एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम आंचलखेड़ा, तहसील माखननगर में कार्रवाई करते हुए रेत का अवैध उत्खनन कर रहे एक डंपर क्रमांक M P04H E5029 को जप्त किया गया। जप्त वाहन को पुलिस थाना माखननगर की अभिरक्षा में रखा गया है। इसी प्रकार दिनांक 08 जून 2026 को खनिज निरीक्षक द्वारा ग्राम मगरिया, तहसील नर्मदापुरम् क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए रेत का अवैध परिवहन कर रहे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त किए गए। दोनों वाहनों को पुलिस थाना देहात नर्मदापुरम् की अभिरक्षा में रखा गया है।प्रशासन द्वारा संबंधित वाहनों के विरुद्ध म.प्र. खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध आगे भी लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# शासन प्रशासन चाहे तो पचमढ़ी में भी हो सकती है कॉफी काली मिर्च और लोंग की खेती

### नर्मदापुरम और बैतूल में परंपरागत खेती से हटकर सफल हो सकता है नया प्रयोग



बलराम शर्मा

नर्मदापुरम। शासन प्रशासन चाहे तो देश के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतपुड़ा की रानी पचमढ़ी में और संभाग के बैतूल जिले में आंध्रप्रदेश के विशाखापत्तनम जिला अराक वैली की तरह ही काफी के साथ काली मिर्ची और लौंग की खेती का नया प्रयोग सफल हो सकता है। बैतूल जिले में सीमित मात्रा में हो भी रही है। जिसे योजनावद्ध तरीके से शासन प्रशासन का प्रोत्साहन मिले तो परंपरागत खेती से हटकर कुछ नई पैदावार की ओर जिला व संभाग आगे बढ़ सकता है। अनुकूल जलवायु को दृष्टिगत रखते हुए संभाग में लौंग इलायची, काली मिर्च एवं तेजपत्ता की खेती का नवाचार किया जा सकता है। इसमें क्षेत्र के सांसद, कमिश्नर व कलेक्टरों को विशेष रूचि लेना होगा तभी यह कार्य संभव हो सकता है। पिछले दिनों समाज सेवक व वरिष्ठ पत्रकार बी ईश्वर कुमार ने इस दिशा में सार्थक प्रयास करते हुए केंदीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय काफी बोर्ड, भारत सरकार के मसाला बोर्ड के सचिव, सांसद, बैतूल सांसद, राज्यसभा सांसद, के साथ ही कमिश्नर, कलेक्टर, जेडी उद्यानिकी, डीएफओ सहित अनेक जबावदारों को रजिस्टर्ड डाक से संपूर्ण जानकारी प्रेषित कर चुके हैं। अब इन जबावदारों की रूचि के ऊपर निर्भर करता है कि संभाग में परंपरागत खेती से कुछ हटकर कुछ नया सार्थक प्रयोग हो। यदि यह प्रयोग सफल होता है तो क्षेत्र के आदिवासी किसानों के बारे न्यारे हो सकते हैं। क्योंकि यह उत्पाद मंहगे के साथ ही बहुउपयोगी भी हैं। साथ ही हमारा संभाग नर्मदा मैया की कृपा से कृषि प्रधान है।दूसरी अच्छी बात यह है कि केंद्र के कृषि मंत्री खेती को बढ़ावा देने में रूचि लेते रहे हैं। सांसद भी खेती किसानी की समझ रखने के साथ नए प्रयोग के पक्षधर भी हैं। बी ईश्वर कुमार का मानना है कि जिले के पचमढ़ी एवं बैतूल जिले के भैंसदेही तहसील के अंतर्गत कोकरू खामला क्षेत्र में कॉफी, कालीमिर्च एवं लौंग को प्रोत्साहन वर्षा, वातावरण की अनुकूलता एवं येरकाड, चिकमगलूर, असूकवैली की तर्ज पर इस क्षेत्र की उर्वरा भूमि का सदुपयोग किया जा सकता है। सतपुड़ा अंचल के अंतर्गत बैतूल जिले की भैंसदेही तहसील में स्थित कुकरू खामला क्षेत्र मध्यप्रदेश का एकमात्र व्यावसायिक कॉफी उत्पादक क्षेत्र है। यहां वर्ष 1944 में अंग्रेजों द्वारा स्थापित कॉफी बागान कुकरू कॉफी के नाम से जाना जाता है। साथ ही नर्मदापुरम् जिले के पचमढ़ी में भी ब्रिटिश काल से प्रायोगिक कॉफी बागान मौजूद है। जब हो सकता था तो अब क्यों नहीं?

### वर्षा एवं वातावरण की अनुकूलता

कॉफी, कालीमिर्च एवं लौंग उत्पादन हेतु 15 से 28ए तापमान 150-250 सेमी वार्षिक वर्षा 70-80: आर्द्रता एवं 600-1600 मीटर ऊँचाई आवश्यक होती है। यह अनुकूलता उक्त संभावित क्षेत्र में है।पचमढ़ी की ऊँचाई 1067 मी., औसत वर्षा 180-200 सेमी, तापमान 10ए-30ए घने छायादार वृक्ष की बाहुल्लता इसके लिए वरदान सिद्ध हो सकती है।कुकरू खामला ऊँचाई 900-1100 मीटर, वर्षा 120-160 सेमी, वर्षभर सुहावना मौसम रहना इन उत्पादों के लिए अनुकूल हो सकती है।यह स्थिति कर्नाटक के चिकमगलूर, तमिलनाडु के येरकाड एवं आंध्रप्रदेश के विशाखापट्टनम जिले की अराकू वैली से मिलती जुलती है। जहां के किसान उक्त उत्पाद की खेती कर रहे हैं।

### अराकू वैली मॉडल कॉफी, मसाले

विशाखापट्टनम जिले की अराकू बैली में कॉफी के साथ कालमिर्च एवं लौंग का भी बड़े पैमाने पर जैविक उत्पादन हो रहा है। कॉफी बोर्ड के सहयोग से वहां 1.5 लाख एकड़ में आदिवासी किसान कॉफी मसाला फसलें उगा रहे हैं। अराकू कॉफी को जीआई टैग प्राप्त है। चिकमगलूर एवं पेरकाड में भी कॉफी के छायादार वृक्षों पर कालीमिर्च की बेल चढ़ाकर प्रति एकड़ आय दोगुनी की जा रही है।

### कॉफी बोर्ड एवं मसाला बोर्ड के तकनीकी सहयोग से यह हो सकते हैं प्रयास

पचमढ़ी कुकरू का सूक्ष्म जलवायु सर्वे कराकर कॉफी, कालीमिर्च एवं लौंग हेतु क्षेत्र चिन्हित किए जाएं। अराकू मॉडल पर जनजाती क्षेत्रों में 500 हेक्टेयर में कॉफी कालीमिर्च लौंग का एकीकृत कलस्टर विकसित किया जाए। चिकमलूर कॉफी बोर्ड एवं कालीकट स्थित मसाला बोर्ड से मास्टर ट्रेनर बुलाकर मिश्रित खेती का प्रशिक्षण दिया जाए। पचमढ़ी के ब्रिटिशकालीन बागान को कॉफी स्पाइस हेरिटेज पार्क, बनाकर पर्यटन से जोड़ा जाए।

कुकरू में रोस्टिंग ग्राइंडिंग पैकेजिंग एवं मसाला प्रोसेसिंग यूनिट लगाकर सतपुड़ा कॉफी स्पाइस ब्रांड विकसित किया जाए।

## पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में जनभागीदारी समिति की बैठक संपन्न

नर्मदापुरम (निप्र)। पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में जनभागीदारी समिति की बैठक कलेक्टर एवं समिति अध्यक्ष सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में महाविद्यालय के विकास, अधोसंरचना उन्नयन एवं विद्यार्थियों के हित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक में कलेक्टर एवं अध्यक्ष सोमेश मिश्रा ने महाविद्यालय की आय एवं व्यय का विस्तृत ब्योरा तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही नवीन शिक्षा पद्धति के अंतर्गत विद्यार्थियों के रोजगार उन्मुखीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से औद्योगिक प्रतिष्ठानों के भ्रमण कार्यक्रम आयोजित करने के प्रस्ताव पर समिति द्वारा सहमति प्रदान की गई। समिति द्वारा नवीन शिक्षा नीति के पाठ्यक्रम के अनुरूप आवश्यक पुस्तकों के क्रय की स्वीकृति भी प्रदान की गई।

## स्वामित्व योजना के अंतर्गत कलेक्टर नर्मदापुरम द्वारा आज 07 ग्रामों के प्रकरणों का निराकरण किया गया



नर्मदापुरम (निप्र)। स्वामित्व योजना भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसके अंतर्गत ग्रामीण आबादी की भूमि पर निवासरत हितग्राहियों को भू-अधिकार पट्टे वितरित किये जावेंगे। इस योजना के तहत सोमेश मिश्रा कलेक्टर नर्मदापुरम के द्वारा जिला नर्मदापुरम के 07 ग्रामों के प्रकरणों में सोमवार 08.06.2026 को अंतिम प्रकाशन किया गया, जिसमें तहसील माखननगर के ग्राम खरगावली, आंखमउ, मोहासा, चौराहेट, तहसील पिपरिया के ग्राम पचलावरा, तहसील बनखेडी के ग्राम सिंगपुर एवं तहसील नर्मदापुरम के ग्राम तरोंदाढाना के अधिकार अभिलेख तैयार कर वितरण हेतु पोर्टल पर उपलब्ध कराये गये हैं। उल्लेखनीय है कि इस योजना के अंतर्गत विगत माह तक 797 ग्रामों के अधिकार अभिलेख तैयार कराये गये हैं। सोमेश मिश्रा कलेक्टर नर्मदापुरम के द्वारा इस योजना की लगातार समीक्षा की जाकर अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये जा रहे हैं।

*स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णाकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com*